(b) a period during which Dr. Dejong Bruce Edward is attached to Kodaikanal International School, Kodaikanal, Tamil Nadu.

whichever is shorter, as the period to which the medical practice of the said doctor shall be limited for the purpose of charitable work.

[No. V-11016/4/95—ME(UG)]

S.K. MISHRA, Desk Officers

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

नई दिल्ली, 19 अप्रैल, 1996

का.आ. 1523:— केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उप नियम (4) के अनुसरण में नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ को जिसके 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, एतद्द्वारा अधिसूचित करती है ।

[संख्या ई-11012/6/96-हिंदी]

राम तिलक पाण्डेय, निदेशक

MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION

New Delhi, the 19th April, 1996

S.O. 1523:—In pursuance of sub-rule (4) of Rule 10 of the Official Languages (use for official purposes of the union) Rules, 1975 the Central Government hereby notifies the Northern Regional Office, Chandigarh of Bureau of Indian Standards, New Delhi under the Ministry of Civil Supplies, Consumer Affairs and Public Distribution, where more than 80% of the staff have acquired working knowledge of Hindi.

[No. E-11012/6/96-Hindi]

R.T. PANDEY, Director

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय

(शहरी कार्य और गरीबी उन्मूलन विभाग)

नई दिल्ली, 6 मई, 1996

का. आ. 1524:—केन्द्रीय सरकार, सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली), अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दी गई सारणी के स्तंभ 1 में उल्लिखित अधिकारी को, जो जम्मू-कश्मीर सरकार का राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिए संपदा अधिकारी नियुक्त करता है जो उक्त सारणी के स्तंभ 2 में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट सरकारी स्थान की बाबत, उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग और अधिरोपित कर्तव्यों का पालन अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर करेगा ।

सारणी

अधिकारी का पदनाम	सरकारी स्थान का प्रवर्ग और अधिकारिता की स्थानीय सीमाएं
1	2
सचिव, निवासी आयोग, जम्मू-कश्मीर सरकार, नई दिल्ली	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली में जम्मू-कश्मीर सरकार के या उसके द्वारा पट्टे पर लिए गए सभी स्थान जिसमें 5, पृथ्वी राज रोड और कौटिल्य मार्ग, चाणिक्या पुरी, नई दिल्ली के अतिथि गृहों में की वास-सुविधा क्वार्टर और कश्मीर हाउस, राजाजी मार्ग, नई दिल्ली के पीछे का वह क्षेत्र जिसमें सेवक आवास समाविष्ट है।

[सं. 21012/1/96 पोल-1

आर. डी. सहाय, संपदा उप निदेशक

MINISTRY OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT

(Department of Urban Affairs & Poverty Alleviation)

New Delhi, the 6th May, 1996

S.O. 1524.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby appoints the officer mentioned in column 1 of the Table below being gazetted officer of the Government of Jammu and Kashmir to be estate officer for the purpose of the said Act who shall exercise the powers conferred and perform the duties imposed one Estate Officer by or under the said Act within the local limits of his jurisdiction in respect of the Public Premises specified in the corresponding entry in column 2 of the said Table:

TABLE

Designation of the Officer	Category of Public Premises and local limits of jurisdiction
1.	2.
Secretary, Resident Commission, Government of Jammu and Kashmir, New Delhi.	All premises belonging to or taken on lease by Government of Jammu and Kashmir in the National Capital Territory of Delhi including accommodation quarters in the guest houses of Government of Jammu and Kashmir at 5, Prithvi Raj Road and Kautilya Marg, Chanakya Puri, New Delhi and the areas comprising the servant quarters behind Kashmir House, Rajaji Marg, New Delhi.

[No. 21012/1/96-Pol. I]

R. D. SAHAY, Dy. Director of Estates

संचार मंत्रालय

(डाक विभाग)

नई दिल्ली, 17 मई, 1996

का.आ. 1525.—राजभाषा नियम, (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) 1976 के नियम 10 के उप-नियम (4) के अनुसरण में केन्द्र सरकार डाक विभाग के निम्नलिखित अधीनस्थ कार्यालयों को, जिनके 80 प्रतिशत कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है :—

1. अधीक्षक डाकघर,
   कारवार डाक डिवीजन, कारवार,
   कर्नाटक सर्किल ।

2. अधीक्षक डाकघर,
   दार्जिलिंग डाक डिवीजन, दार्जिलिंग,
   पश्चिम बंगाल सर्किल ।

3. अधीक्षक डाकघर,
   संगारेड्डी डाक डिवीजन,
   हैदराबाद क्षेत्र, आन्ध्र प्रदेश सर्किल ।

4. अधीक्षक डाकघर,
   करीम नगर डाक डिवीजन,
   हैदराबाद क्षेत्र, आन्ध्र प्रदेश सर्किल ।

5. अधीक्षक डाकघर,
   मेडक डाक डिवीजन,
   हैदराबाद क्षेत्र, आन्ध्र प्रदेश सर्किल ।

6. अधीक्षक डाकघर,
   सूर्यपेट डाक डिवीजन,
   हैदराबाद क्षेत्र, आन्ध्र प्रदेश सर्किल ।

7. अधीक्षक डाकघर,
   महबूब नगर डाक डिवीजन,
   हैदराबाद क्षेत्र, आन्ध्र प्रदेश सर्किल ।

[सं. ई-11025-1/91-रा.भा.]

डा० गिरिवरधारी सिंह, निदेशक (राजभाषा)

MINISTRY OF COMMUNICATIONS

(Department of Post)

New Delhi, the 17th May, 1996

S.O. 1525.—In pursuance of Sub-Rule (4) of Rule 10 of the Official Language (Use for official purposes of the Union) Rules, 1976, the Central Government hereby notify the following subordinate offices of the Department of Post where 80 per cent staff has acquired the working knowledge of Hindi :

1. Supdt. of Post Offices,
   Karwar Postal Division,
   Karwar,
   Karnataka Circle.
2. Supdt. of Post Offices,
   Darjeeling Postal Division,
   Darjeeling,
   West Bengal Circle.
3. Supdt. of Post Offices,
   Sangareddy Postal Division,
   Hyderabad Region,
   Andhra Pradesh Circle.
4. Supdt. of Post Offices,
   Karimnagar Postal Division,
   Hyderabad Region,
   Andhra Pradesh Circle.
5. Supdt. of Post Offices,
   Medak Postal Division,
   Hydrabad Region,
   Andhra Pradesh Circle.
6. Supdt. Post Office,
   Suryapet Postal Division,
   Hyderabad Region,
   Andhra Pradesh Circle.
7. Supdt. of Post Offices,
   Mehabubnagar Postal Division,
   Hyderabad Region,
   Andhra Pradesh Circle.

[No. (E. 11025-1/91-OL]
DR. G. D. SINGH, Director(OL)

जल संसाधन मंत्रालय

नई दिल्ली, 22 मई, 1996

का.आ. 1526:— केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उपनियम 4 के अनुसरण में जल संसाधन मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय केन्द्रीय जल आयोग के निम्नलिखित कार्यालय, जिसमें 80 प्रतिशत कर्मचारीवृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, को अधिसूचित करती है :

1. जल विज्ञानीय प्रेक्षण परिमंडल, केन्द्रीय जल आयोग, गुवाहाटी-781024 (असम)

[सं. 1/2/95-हिन्दी]
गोपाल दीक्षित, उप सचिव

MINISTRY OF WATER RESOURCES

New Delhi, the 22nd May, 1996

S. O. 1526.—In pursuance of sub-rule (4) of Rule 10 of the Official Languages (Use for official purposes of the Union) Rules, 1976, the Central Government hereby notifies the following office of Central Water Commission under the Ministry of Water Resources where of more than 80 per cent staff have acquired knowledge of Hindi :—

Hydrological Observation Division,
Central Water Commission,
Guwahati-781024 (Assam).

[No. 1/2/95-Hindi]
GOPAL DIXIT, Dy. Secy.

पर्यटन विभाग

नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 1996

का. आ. 1527:—केन्द्रीय सरकार राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियमावली, 1976 के नियम 10 के उपनियम (4) के अनुसरण में पर्यटन विभाग के निम्न अधीनस्थ कार्यालय को अधिसूचित करती है, जहां के 80% कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है :—

भारत सरकार क्षेत्रीय पर्यटक कार्यालय, कलकत्ता

[सं. ई—11016(4)/96-रा. भा.]
चिरंजीव सिंह, अपर महानिदेशक (प्रशासन)

DEPARTMENT OF TOURISM

New Delhi, the 8th April, 1996

S.O. 1527.—In pursuance of sub-rule (4) of Rule 10 of the Official Language (Use for official purpose of the Union) Rules 1976, the Central Government hereby notifies the following subordinate office of Department of Tourism, the 80 per cent staff whereof have acquired working knowledge of Hindi, Government of India Regional Tourist office, Calcutta.

[F. No. E-11016(4)/96-O.L.]
CHIRANJEEV SINGH, Addl. Director General (Admn.)

नई दिल्ली, 2 मई, 1996

का. आ. 1528 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार स्टील अथोरिटी ऑफ इंडिया लि. के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जबलपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल—29011/92/83-डी III (बी)]

बी. एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1996

S.O. 1528.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jabalpur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Steel Authority of India, Kuteshwar Limestone Mines and their workmen, which was received by the Central Government on 2-5-1996.

[No. L-29011/92/83-D.III(B)]

B. M. DAVID, Desk Officer

ANNEXURE

IN THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, JABALPUR, (MP)

Case Ref. No. CGIT/LC(R)(10)/1984

BETWEEN

Workmen through the President, Bokaro Steel Limestone Mining Workers Union, Shram Dham, Kymore District Jabalpur, (M.P.).

AND

The Managing Director, Steel Authority of India, Kuteshwar Limestone Mines of Bokaro Steel Plant, Bokaro Steel City, Dhanbad, (Bihar).

PRESIDED IN : By Shri Arvind Kumar Awasthy.

APPEARANCES :

For Union : Shri S. K. Rao, Advocate.

For Management : Shri P. S. Nair, Advocate.

INDUSTRY : Limestone Mine. DISTRICT : Jabalpur (MP).

AWARD

Dated, January, 1996

This is a reference made by the Central Government, Ministry of Labour, New Delhi, vide its Notification No. L-29011/92/83-D.III(B) dated 4-2-1984, for adjudication of the following industrial dispute :—

SCHEDULE

"Whether the management of Kuteshwar Limestone Mines, P.O. Gairtalai, District Jabalpur, (M.P.) of Bokaro Steel Plant under the Steel Authority of India Ltd., are justified in not extending the benefits arising out of the Memorandum of Settlement dated 25-5-83 of National Joint Committee for Steel Industry to the workmen employed through contractors in Kuteshwar Limestone Mines? If not, to what relief are the workmen concerned entitled?"

2. The case of the Union is that the management of Kuteshwar Limestone Mine, Gairtalai is owned and operated by the Bokaro Steel Plant which is one of the wing of the Steel Authority of India Ltd.; that the workers are working with the Company and with the contractors since last 10 years and the management through the contractors are issuing the instructions for the allotment of the duties and the jobs to the workmen; that the Bokaro Steel Plant is the principal employer; that the nature of job done by the workmen is similar to that of the departmental workers or regular workers thereof; that the workmen are deemed to be permanent employee of Kuteshwar Limestone Mines and as per Agreement between the management and the workers reached before the Regional Labour Commissioner vide Agreement dated 25-5-83 these workmen be treated as permanent workers of Kuteshwar Limestone Mines. The workmen have prayed that the action of Bokaro Steel Plant in not extending the benefit arising out of the Memo of Settlement dated 25-5-83 is not justified. The workmen of Kuteshwar Limestone Mine employed through the contractors are entitled to the benefits which are given to the permanent workers employed therein.

3. The case of the management is that as per Agreement dated 27-10-1970 and 30-7-1975 which were at the National Level of the Steel Industry and the Unions, the workmen engaged by the contractors were not entitled to be treated as employees employed by the management; that in the similar reference bearing No. CGIT/LC(R)(10)/81 vide Award dated September 25, 1982 the impugned terms of reference was answered in favour of the management and as such the dispute cannot be reagitated and it is barred by the principles of Res judicata.

4. Terms of reference are made the issue in the case vide order dated 6-2-1985.

5. The workmen was directed to lead evidence and the workman failed to produce the witnesses in spite of the repeated adjournments. However, on 30-6-87, the workmen prayed for a date to produce the witnesses and since then last more than seven dates and in spite of enumerable opportunities to the workmen to examine the witnesses, the workmen failed to adduce the evidence. The workmen remained absent on the date of evidence i.e. 1-11-95 and the case was closed for award.

6. The initial burden was on the Union to prove that the workmen were working on the instructions of the management through the contractors and as per definition of Section 2 of the Mines Act the management was the principal employer of the workmen. Unless the workmen prove that the management was their principal employer, the workmen are not entitled for any relief from the Bokaro Steel Plant of Steel Authority of India Ltd. and the workmen will be deemed to be the employees of the contractors. The Ministry of Labour made the similar reference vide letter dated 16-7-81 and the Award dated September 25, 1982 was passed in case No. CGIT/LC(R)(10)/81, published by the Ministry of Labour, vide notification dated 30-10-1982 (Marked as Annexure 1) which was answered in favour of the management. The Union is making an attempt to reagitate the similar dispute and it is barred by the principle of constructive Res judicata.

7. Apart from this, Agreement arrived at between the management and the various trade unions reached at National Level on 27-10-1970 and subsequently on 30-7-1975 envisages that the benefits extended to the contractors workmen will not be extended to the employees of the Steel Authority of India. Consequently, the reference is not maintainable either on facts or in view of the alleged Agreement and also due to the principles of constructive Res judicata.

8. Reference is answered in negative and in favour of the management. Parties to bear their own costs.

ARVIND KUMAR AWASTHY, Presiding Officer

नई दिल्ली, 2 मई, 1996

का. आ. 1529 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डाक के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कानपुर

केपंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 1-5-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल--40012/126/92—आई आर (डी यू)]
के. वी. बी. उन्नी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1996

S.O. 1529.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Kanpur as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Posts and their workmen, which was received by the Central Government on 1-5-96.

[No. L-40012/126/92-IR(DU)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE SRI B. K. SRIVASTAVA, PRESIDING OFFICER, CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, PANDU NAGAR, KANPUR

Industrial Dispute No. 84 of 1993

In the matter of dispute between :

Santosh Kumar Tripathi,

S/o Sri Janardan Tripathi,

269/266, Ashok Sadan, Ram Nagar,

Aishbagh, Lucknow.

AND

The Assistant Engineer (Electrical), Postal Sub-Division Sector C, Aliganj Post Office Building, Lucknow.

AWARD

1. Central Government, Ministry of Labour, New Delhi, vide its Notification No. 40012/126/92-IR(DU) dated 30-9-93, has referred the following dispute for adjudication to this Tribunal—

Whether the action of the management of Postal Sub-Division (Electrical), Lalbagh, Lucknow in terminating the services of Santosh Kumar Tripathi son of Janardan Tripathi, Ex. Assistant Wireman w.e.f. 19-10-88 is justified and legal. If not, what relief the concerned workman is entitled ?

2. In this case on 2-2-96, concerned workman was debarred from adducing evidence as he failed to put in his appearance. Similarly, management was also debarred from adducing their evidence. Thus there is no evidence on the record.

3. It, therefore, appears that the concerned workman is not interested in prosecuting his case. The reference is, therefore, answered in affirmative for want of evidence against the workman.

4. Reference is answered accordingly.

B. K. SRIVASTAVA, Presiding Officer

नई दिल्ली, 2 मई, 1996

का.आ. 1530.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 1-5-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल.-12011/59/88-डी-II-ए/आर आई (बी-II)]
ब्रज मोहन, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1996

S.O. 1530.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Bank of Baroda and their workmen, which was received by the Central Government on 1-5-96.

[No. L-12011/59/88-D.II(A)/IR (B-II)]
BRAJ MOHAN, Desk Officer

परिशिष्ट

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, राज, जयपुर।

केस नं. सी.आई.टी. 4/89

रेफरेन्स : —भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल-12011/59/88-डी-II-ए दि. 5-1-89

महामंत्री, बैंक ऑफ बड़ौदा कर्मचारी यूनियन, एम.एस.ए. शाखा, 7 पार्क हाउस स्कीम, एम.आई. रोड, जयपुर।

—प्रार्थी

बनाम

सहायक, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, डी-38/ए, अशोक मार्ग, सी स्कीम, जयपुर।

—प्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश, श्री के.एल. व्यास, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से :	कोई भी नहीं।
अप्रार्थी की ओर से :	कोई भी नहीं।
दिनांक अवार्ड : —	21-9-95

अवार्ड

कोई पक्ष उपस्थित नहीं। गवाह यूनियन की होनी है। पत्रावली 1989 की है साक्ष्य हेतु कई अवसर दिये जा चुके हैं। कई बार अंतिम अवसर भी दिये गये हैं। कोई कारण भी अनुपस्थिति का नहीं बताया गया है। कोई प्रार्थना पत्र भी पेश नहीं हुआ है।

अब आदेशिकाओं को व पुराने मुकदमे की प्रवृत्ति को देखते हुए यूनियन पक्ष की साक्ष्य बन्द की जाती है। साक्ष्य के अभाव में व यूनियन द्वारा पैरवी करने के अभाव में इस मामले में "विवाद हीन" नोडिस्पुट अधिनिर्णय पारित करने का आदेश दिया जाता है। अधिनिर्णय अलग से निकाला गया। दफ्तर दाखिल हो।

(के.एल. व्यास)
पीठासीन अधिकारी
केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण,
जयपुर।

नई दिल्ली, 2 मई, 1996

का.आ. 1531.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 1-5-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या-एल. 12011/111/87-डी-II/आईआर (बी-II)]
ब्रज मोहन डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1996

S.O. 1531.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Bank of Baroda and their workmen, which was received by the Central Government on 1-5-96.

[No. L-12011/114/87-DIIA/IR(B-II)]

BRAJ MOHAN, Desk Officer

परिशिष्ट

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, राज., जयपुर।

केस नं. सी.आई.टी. 25/88

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय के आदेश संख्या-एल-12011/114/87-डी-2 (ए) दिनांक 28-4-88

क्षेत्रीय सचिव, बैंक ऑफ बड़ौदा कर्मचारी यूनियन 12/284, राजेन्द्रपुरा, अजमेर।

—प्रार्थी

बनाम

क्षेत्रीय प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेशन रोड़, अजमेर।

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश, श्री के.एल. व्यास, आर.एच.जे.एस.,

प्रार्थी की ओर से : कोई नहीं।

अप्रार्थी की ओर से : श्री एन.के. गुप्ता

अवार्ड दिनांक : 30-10-95

अवार्ड

श्रमिक यूनियन की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं। 3.00 पी.एम. तक प्रतीक्षा की गई। नियोजक की ओर से श्री एन.के. गुप्ता प्रतिनिधि उपस्थित। यह प्रकरण 1988 से विचाराधीन है। पूर्व में 1989 में विवाद रहित अधिनिर्णय श्रमिक यूनियन की अनुपस्थिति के कारण पारित किया गया था। वर्तमान में लगातार कई तारीखों से श्रमिक यूनियन की ओर से कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं किया जा रहा है। आज श्रमिक यूनियन की साक्ष्य हेतु तारीख निश्चित की हुई है। कोई भी मौखिक या लिखित अनुरोध तारीख बदलने का यूनियन की ओर से नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में साक्ष्य हेतु अवसर देने का कोई उचित कारण नहीं है। श्रमिक यूनियन की अनुपस्थिति व साक्ष्य के अभाव में निर्देश में विवाद रहित अधिनिर्णय पारित करने का आदेश दिया जाता है जो केन्द्र सरकार को नियमानुसार प्रकाशनार्थ भेजा जावे।

के.एल. व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 2 मई, 1996

का.आ. 1532.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डाक के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कानपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 1-5-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-40012/29/89-डी 2(बी)]

के.बी.बी. उन्नी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1996

S.O. 1532.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby pubishes the award of the Central Government Industrial Tribunal Kanpur as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Post and their workman, which was received by the Central Government on 1-5-96.

[No. L-40012/29/89-D2(B)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE SRI B. K. SRIVASTAVA, PRESIDING OFFICER, CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, PANDU NAGAR, KANPUR

Industrial Dispute No. 53 of 1990

In the matter of dispute between :

Adayaksh,
Bhartiya Dak Karamchari Sangh
(Postman & Chaturth Shrani)
Through Pradhan Dakghar,
Naveen Market,
Kanpur.

AND

Chief Post Master,
Kanpur Pradhan Dakghar,
The Mall Road,
Kanpur.

AWARD

1. Central Government, Ministry of Labour, New Delhi, vide its notification No. L-40012/29/89-D.2 (B) dated 19-1-1990, has referred the following dispute for adjudication to this Tribunal :—

Kya Chief Post Master Kanpur ke prabandhak dvara Sri Nirmal Kumar Tiwari dainik vetan bhogi group 'D' karmkar ko unke 9-8-87 ko li gai niyamit group D post ke liye vibhagiya pariksha me anuttirya hone par dainik vetan bhogi karamkar kis anutosh ka haqdar hai ?

2. It is not necessary to give facts of the case in detail, as on the last date of hearing i.e. 16-4-96, the authorised representative of the concerned workman N. K. Tiwari made an endorsement on the claim statement that he does not press the reference as the same being defective, required amendment. Suffice it to that the concerned workman has raised this Industrial dispute regarding his failure in the departmental examination.

3. As the concerned workman has not pressed the reference, the same is answered against the concerned workman. The concerned workman is not entitled to any relief.

Sd/-25-4-96

B. K. SRIVASTAVA, Presiding Officre

नई दिल्ली, 2 मई, 1996

का.आ. 1533 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार राजस्थान राज्य टंगस्टन विकास निगम लि. के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 1-5-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-29012/19/88-डी-III (बी)]
बी.एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1996

S. O. 1533.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure. in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Rajasthan State Tungsten Development Corpn. and their workmen, which was received by the Central Government on 1-5-96.

[No. L-29012|19|88-D-III(B)]
B. M. DAVID, Desk Officer

परिशिष्ट

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर
केस नं. सी. आई. टी. 81 /88

रैफरेंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल 29012/19/88 डी III(बी)

दिनांक 1-12-88

श्री मूल सिंह द्वारा खनिज विकास निगम टंगस्टस मजदूर संघ (इन्टक) टंगस्टन परियोजना, डेगाना, जिला नागौर।

प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान स्टेट टंगस्टन डैवेलपमेंट कार्पोरेशन लि. सी —196, उदय मार्ग, तिलक नगर, जयपुर
2. प्रोजेक्ट मैनेजर (टंगस्टन) टंगस्टन प्रोजक्ट —डेगाना

अप्रार्थीगण

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के. एल. व्यास आर. एच. जे. एस.
प्रार्थी की ओर से श्री जे. के. अग्रवाल
अप्रार्थीगण की ओर से श्री जी. एल. माथुर
दिनांक अवार्ड : 15-9-95

अवार्ड

निम्न विवाद केन्द्र सरकार द्वारा अधिनिर्णय हेतु निर्देशित किया गया है :

'Whether the action of the management of Rajasthan Stete Tungsten Development Corporation Ltd. Jaipur in terminating the services of Shri Mool Singh Casual Workman with effect from 16-1-87 is justified ? If not to what relief is the workman entitled ?'

2. प्रस्तुत क्लेम में श्रमिक ने यह अभिकथित किया है कि उसने विपक्षी सं. 2 की प्लाण्ट में 10-9-95 से 23-1-87 तक निरन्तर कार्य किया था व इसके पश्चात 24-1-87 से धारा 25-एफ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (जिसे तत्पश्चात अधिनियम संबोधित किया है) के प्रावधान की पालना किये बिना उसकी सेवाएं नियोजक द्वारा समाप्त की गई। श्रमिक का यह भी कथन है कि उसकी सेवा मुक्ति के समय प्लान्ट में उसके कनिष्ठ श्रमिकगण कार्यरत थे व इस प्रकार नियोजक द्वारा धारा 25-जी के प्रावधान की अवहेलना भी की गई। एक तथ्य यह बताया गया है कि श्रमिक को एक आरोप पत्र 20-1-87 को दिया गया था जिसका समुचित जवाब उसने 29-1-87 को प्रस्तुत कर दिया था किन्तु इसके बाद उस आरोप पत्र पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई तथा श्रमिक की सेवा मुक्ति का एक परोक्ष कारण यह कथित दुराचरण भी रहा है व चूंकि दुराचरण के संबंध में कोई भी जांच नियोजक द्वारा नहीं की गई इसलिए इस आधार पर भी सेवा मुक्ति का आदेश अवैध व शून्य है। अनुतोष यह मांगा गया है कि सेवा मुक्ति की तिथि से निरन्तर सेवा में मानते हुए श्रमिक को पुनः सेवा में बहाल करने के आदेश दिये जावें व बीच की अवधि का समस्त बकाया वेतन स्वीकृत किया जावे।

3. नियोजक के क्लेम के उत्तर में यह बताया है कि श्रमिक ने 10-9-85 से 15-1-87 तक नियोजक के प्लाण्ट पर कभी भी लगातार कार्य नहीं किया किन्तु प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृत के अनुसार इस अवधि में निश्चित समय के लिए कई बार श्रमिक को नियुक्ति आदेश दिये गये थे व अंत में 24-11-86 से 15-1-87 की अवधि के लिए श्रमिक को नियोजित किया गया था व 15-1-87 के पश्चात उसकी सेवाएं स्वतः ही समाप्त हो गई। इससे पूर्व 10-9-85 से 26-9-85 की अवधि में भी श्रमिक को नियोजित करने के तथ्य को स्वीकार किया गया है। श्रमिक की सेवा मुक्ति के समय कोई भी कनिष्ठ श्रमिक कार्य पर होने के तथ्य को नियोजक द्वारा अस्वीकार किया गया है। 20-1-87 के आरोप पत्र के संबंध में यह प्रतिरक्षा ली गई है कि चूंकि श्रमिक की सेवाएं 15-1-87 को समाप्त हो गई थी इसलिए उस आरोप पत्र पर आगे कोई भी कार्यवाही किया जाना अपेक्षित नहीं था व कथित सेवा मुक्ति का इस आरोप पत्र से कोई भी संबंध नहीं है।

4. श्रमिक की ओर से मौखिक साक्ष्य में सर्वश्री राम सिंह राठौड़, भोगेन्द्र सिंह व श्रमिक स्वयं के शपथ पत्र

प्रस्तुत हुए हैं नियोजक की ओर से एक गवाह श्री के. डी. एस. राजावत का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। दोनों पक्षों की ओर से कुछ प्रलेख साक्ष्य के साथ प्रस्तुत किये गये हैं। बहस सुनी गई ।

5. दोनों पक्षों के प्रस्तुत अभिकथनों को देखते हुए सर्व-प्रथम विचारणीय बिन्दु यह हैं कि क्या कथित सेवा मुक्ति से पूर्व श्रमिक द्वारा नियोजक के यहां लगातार 240 दिन या उससे अधिक अवधि के लिए कार्य किया गया। श्रमिक ने अपने शपथ पत्र में यह बताया है कि उसने 10-9-85 से 29-1-87 तक नियोजक के यहां लगातार कार्य किया था व उस बीच अपनी स्वेच्छा के अनुसार नियोजक द्वारा समय समय पर प्लाण्ट को बंद रखा गया किन्तु उस दौरान श्रमिक को अन्य कोई कार्य नहीं दिया गया व न ही उस अवधि का वेतन भुगतान किया गया। इस साक्ष्य से यह सिद्ध करने का प्रयास श्रमिक का है कि जिस अवधि का भुगतान उसे नहीं किया गया उस बीच भी वह नियोजक के यहां कार्य पर था। प्रदर्श डब्ल्यू-1 नियुक्ति आदेश श्रमिक की ओर से प्रस्तुत किया गया है जो 10-9-85 का है व उसमें वर्णित शर्तों के अनुसार श्रमिक को पूर्ण रूप से अस्थाई तौर पर 30 दिन की अवधि के लिए नियोजित किया गया था। इसके अलावा कोई भी नियुक्ति आदेश या नियोजन के संबंध में अन्य कोई प्रालेखीय साक्ष्य श्रमिक की ओर से प्रस्तुत नहीं किया गया है। श्रमिक के शपथ पत्र से यह भी स्पष्ट है कि जिस अवधि में उसे नियोजक के यहां कार्यरत रहना बताया है उस बीच समय समय पर प्लाण्ट का कार्य बंद भी रहा था। सामान्य स्थिति में जिस अवधि में प्लाण्ट का कार्य बंद रहा उस बीच श्रमिकों को नियोजित करने की औचित्यता प्रकट नहीं होती। जिरह में श्रमिक ने इस सुझाव को अस्वीकार किया है कि प्रारंभ में उसने मात्र 10-9-85 से 26-9-95 तक ही कार्य पर रखा गया था। इसके अलावा उसका यह भी कथन है कि दुबारा कोई भी नियुक्ति आदेश उसे नहीं दिया गया क्योंकि वह तो प्रारंभ से ही 29-1-87 तक लगातार नियोजन में था। इस सुझाव को भी श्रमिक ने अस्वीकार किया है कि दिसम्बर 1986 से जनवरी 1987 तक की निश्चित अवधि के लिए उसे नौकरी पर अंतिम बार लगाया गया था।

6. श्रमिक की ओर से जो दो अन्य गवाहान राम सिंह राठौड़ व जोगेन्द्र सिंह के शपथ पत्र प्रस्तुत हुए हैं उन दोनों ने अपने मुख्य बयान में यह कहा है कि सितम्बर 1985 से 29-1-87 तक श्रमिक ने लगातार नियोजक के यहां कार्य किया था। गवाह राम सिंह राठौड़ संबंधित समय उस यूनियन का महासचिव था जिसके द्वारा श्रमिक के विवाद को प्रायोजित किया गया है व इसके अलावा उसने जिरह में यह भी स्वीकार किया है कि श्रमिक उसका रिश्ते में भाई लगता है। गवाह जोगेन्द्र सिंह का यह कथन है कि वह तथा मूल सिंह दोनों ही एक साथ शिफ्टिंग में प्लाण्ट में कार्य करते थे। गवाह राम सिंह ने शपथ-पत्र पर की गई जिरह में यह कहा है कि नियुक्ति आदेश मूल सिंह को कब से कब तक का दिया गया यह उसे पता नहीं। इस तथ्य को भी उसने स्वीकार नहीं किया है कि प्रारंभ में 10-9-85 से 26-9-85 की अवधि का नियुक्ति आदेश मूल सिंह को दिया गया था। 8-1-86 से पुनः मूल सिंह को नौकरी पर रखने के तथ्य को व 15-1-87 से उसकी सेवा समाप्त करने के तथ्य को भी इस गवाह ने स्वीकार नहीं किया है। गवाह जोगेन्द्र सिंह ने अपने मुख्य बयान व जिरह में मात्र यह कहा है कि श्रमिक ने नौकरी से हटाने से पूर्व 240 दिन से अधिक अवधि तक नियोजक के यहां कार्य किया था किन्तु इस संबंध में कोई भी विशिष्ट तथ्य उसके द्वारा उल्लिखित नहीं किया गया है।

7. श्रमिक पक्ष की पूर्व संवर्णित साक्ष्य के विरुद्ध नियोजक की ओर से गवाह श्री के.डी.एस. राजावत ने उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर शपथ पत्र में यह बताया गया है कि 4-9-85 को प्रदर्श एम-1 आदेश कुछ पदों हेतु अस्थाई स्वीकृति के लिए जारी किया गया था व उसी के तहत श्रमिक मूल सिंह को प्रदर्श डब्ल्यू-1 के जरिये 10-9-85 से 30 दिन की अवधि के लिए प्लाण्ट पर नियोजित किया गया था। इस अवधि में श्रमिक ने 10-9-85 से 26-9-85 तक कार्य किया था व इसके पश्चात उसका नियोजन स्वतः ही समाप्त हो गया था। पुनः 8-1-86 से 2-6-86 व उसके पश्चात 13-6-86 से 3-9-86 तक श्रमिक को सेवा में रखने के तथ्य इस गवाह द्वारा पुष्ट किया गया है। इसके समर्थन में कुछ प्रलेख पत्रावली पर प्रस्तुत किये गये हैं किन्तु उनको साक्ष्य में प्रदर्शित नहीं करवाया गया है। सितम्बर 1986 के पश्चात 21-11-86 से श्रमिक को 15-1-87 तक की निश्चित अवधि के लिए नियोजित करना गवाह श्री के.डी.एस. राजावत की साक्ष्य में बताया गया है व इसके लिए स्वीकृति आदेश प्रदर्श एम-2 व नियुक्ति आदेश प्रदर्श एम-3 साक्ष्य में प्रस्तुत किये गये हैं। गवाह का यह भी कथन है कि प्रदर्श एम-3 आदेश की शर्त के अनुसार 15-1-87 से श्रमिक की सेवाएं स्वतः ही समाप्त हो गई थी। प्रदर्श एम-4 संचालित अवधि में सम्पूर्ण उप-स्थिति का विवरण गवाह द्वारा साक्ष्य में प्रस्तुत किया गया है जिसके अवलोकन से भी यह स्पष्ट होता है कि भिन्न भिन्न अवधि में श्रमिक को जिस प्रकार नियोजित किया गया उस तमाम अवधि को तोड़ने से किसी भी रूप में उसके द्वारा 240 दिन कार्य करने का तथ्य साबित नहीं होता है। श्री राजावत ने अपनी जिरह में यह स्वीकार किया है कि उस समय टंगस्टन विकास का जो प्लाण्ट डेगाना में कार्यरत था व बाद में हिन्दुस्तान जिंक लि. को हस्तांतरित हो गया तथा जिस अवधि में मूल सिंह की नियुक्ति व सेवा मुक्ति का विवाद उत्पन्न हुआ उस समय वह संबंधित प्लाण्ट पर कार्यरत नहीं था इसलिए मूल सिंह की सेवा अवधि के संबंध में उन्हें कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं है। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि का यह कथन है कि गवाह द्वारा रिकार्ड के आधार पर जो साक्ष्य दी गई है वह श्रमिक की साक्ष्य की तुलना में किसी भी रूप में विश्वसनीय नहीं हो सकती। उनका यह

तर्क दोनों पक्षों की साक्ष्य को देखते हुए स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है। जो भी प्रलेख नियोजक की ओर से प्रस्तुत किये गये हैं वे प्लाण्ट में नियमित रूप से रखे जाने वाले प्रलेख की सत्यापित फोटो प्रतियां हैं तथा बिना किसी ठोस कारण के इन प्रलेख को गलत मानने का आधार नहीं बनता। श्रमिक की ओर से इन प्रलेख के मल प्रलेख तलब करवाने का किसी भी प्रक्रम पर कोई अनरोध नहीं किया गया है। जो प्रलेख नियोजक पक्ष की ओर से प्रस्तुत हुए हैं उनसे यह स्पष्ट है कि श्रमिक द्वारा विवादित अवधि में 240 दिन तक नियोजक के यहां कार्य नहीं किया गया बल्कि तीन अलग अलग अवधि में निश्चित समय के लिए उसे प्लाण्ट पर नियोजित किया गया था व निश्चित अवधि के बाद स्वीकृति के अभाव में उसकी सेवाए स्वतः समाप्त हो गई थी। श्रमिक की ओर से लगातार 240 दिन कार्य करने की जो मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत की गई है उसके समर्थन में कोई भी प्रलेख प्रस्तुत नहीं हुआ है। यह बात स्वाभाविक व विश्वसनीय नहीं लगती कि श्रमिक ने जिस अवधि में कार्य किया उसका वेतन उसे नहीं दिया गया व इसके बावजूद उसने इसकी कोई शिकायत कहीं भी नहीं की व न ही कोई वैधानिक कार्यवाही इस बाबत उसके द्वारा की गई। इस विवाद के निर्देशित होने के पूर्व कोई कार्यवाही इस संबंध में श्रमिक द्वारा की गई हो ऐसा उसका कथन नहीं है। श्रमिक द्वारा नियोजक पक्ष का अन्य कोई रिकार्ड तलब करवाने का अनुरोध भी नहीं किया गया है जिससे उसके कथन की पुष्टि हो सके। श्रमिक की ओर से ए.आई.आर. 1986 (एस.सी.) 1413 गोपाल किशन बनाम मोहम्मद हाजी का एक निर्णय प्रस्तुत किया गया है जिसमें प्रतिपादित सिद्धान्त तथ्यों को देखते हुए लागू नहीं होते। श्रमिक का किसी प्रकार से यह कथन नहीं है कि उसके नियोजन के संबंध में कोई भी अन्य रिकार्ड नियोजक के कब्जे में है जो उसके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है नियोजक के गवाह से ऐसी कोई जिरह नहीं की गई है जिससे यह पता लगे कि अन्य रिकार्ड उपलब्ध होने के बावजूद उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा नियोजक के गवाह ने यह कहा है कि प्रस्तुत रिकार्ड के अलावा श्रमिक की सेवा का अन्य कोई रिकार्ड उनके पास उपलब्ध नहीं है।

8. श्रमिक ने अपने क्लेम में सेवा मुक्ति की तिथि 23-1-87 बताई है जबकि नियोजक का जवाब में यह कथन है कि उसकी सेवा 15-1-87 को नियुक्ति आदेश की शर्तों के अनुसार स्वतः ही समाप्त हो गई। प्रदर्श एम--3 आदेश के पठन से नियोजक पक्ष के कथन की पुष्टि होती है व श्रमिक द्वारा 15-1-87 के पश्चात् काम करने के तथ्य के समर्थन में कोई भी प्रलेख प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस अवधि का वेतन भी उसे प्राप्त हुआ हो ऐसा श्रमिक का कथन नहीं हैं। श्रमिक के एक गवाह राम सिंह ने 23-1-87 से 29-1-87 तक श्रमिक का प्लाण्ट पर नियोजित रहना बताया है किन्तु इस प्रकार का कथन स्वयं श्रमिक का भी नहीं है। नियोजन के संबंध में जो विस्तृत विवेचन दोनों पक्षों की साक्ष्य के संबंध में पूर्व में किया गया है उसे देखते हुए श्रमिक का यह कथन मानने योग्य नहीं है कि 15-1-87 के पश्चात् 28-1-87 तक उसने प्लाण्ट पर कार्य किया था।

9. दोनों पक्षों की विवेचित साक्ष्य का निष्कर्ष यह है कि श्रमिक द्वारा नियोजक के यहां 240 दिन काम करने का तथ्य प्रमाणित नहीं है व इस कारण धारा 25-एफ के प्रावधान कथित सेवा मुक्ति के मामले में लागू नहीं होते हैं यदि तर्क के लिए यह माना जावे कि श्रमिक को नियोजक द्वारा सेवा मुक्त किया गया था। यह मान्य स्थिति है कि कथित सेवामुक्ति के समय नियोजक द्वारा धारा 25-एफ अधिनियम के तहत कोई कार्यवाही नहीं की गई थी इसलिए इस संबंध में साक्ष्य पर और कोई विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

10. प्रदर्श एम-3 आदेश में यह स्पष्ट उल्लेख है कि श्रमिक को अन्य श्रमिकगण के साथ 45 दिन की अवधि के लिए प्लाण्ट पर अस्थाई रूप से नियोजित किया गया था इसलिए नियोजक पक्ष की इस साक्ष्य को प्रमाणित मानने पर श्रमिक की सेवाएं 15-1-87 के पश्चात् स्वतः ही सेवा शर्तों के अनुसार समाप्त हो गई, कथित सेवा मुक्ति पर मामला छंटनी की परिभाषा में धारा 2(00) (बी बी) के अन्तर्गत नहीं आता है। इस संबंध में नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि द्वारा 1985 एल. आई. सी. 1933, सी. एम. जीतेन्द्र कुमार बनाम भारत अर्थ मूवर्स, जीवन बीमा निगम बनाम राजीव कुमार श्रीवास्तवा 1994-II एल. एल. जे., (एम. पी.) 489 व 1994 एफ. जे. आर. 275 (पंजाब व हरियाणा) बनारसीदास बनाम श्रम न्यायालय, अम्बाला के निर्णय संदर्भित किये गये हैं। इन सभी निर्णयों में यह प्रतिपादित किया गया है कि जहां निश्चित अवधि के लिए संविदा के तहत किसी श्रमिक को नियोजित किया जाता है वहां उस अवधि के पश्चात सेवा समाप्ति का मामला धारा 2(00) (बीबी) के तहत छंटनी की परिभाषा में नहीं आता है।

11. जिन तथ्यों व विधिक स्थिति के संबन्ध में पूर्व में विचार किया गया है उसे देखते हुए श्रमिक द्वारा धारा 25–जी के प्रावधान की अवहेलना का जो तथ्य क्लेम में अभिकथित किया गया है वह विचारणीय नहीं है व इसके अलावा श्रमिक की ओर से इस संबन्ध में जो साक्ष्य प्रस्तुत की गई है उसके आधार पर भी धारा 25–जी के प्रावधान की अवहेलना नियोजक द्वारा करना सिद्ध नहीं होता है। शपथ पत्र के पद सं. 4 में श्रमिक ने एक सामान्य कथन यह किया है कि उसे सेवा से हटाया गया तब उससे कनिष्ठ श्रमिकगण को कार्य पर रखा गया था। किसी भी श्रमिक का नाम इस संबन्ध में उल्लिखित नहीं किया गया है। नियोजक के जबाव में यह बताया गया है कि चूंकि श्रमिक को एक निश्चित अवधि के लिए अन्य श्रमिकों के साथ सेवा में

नियोजित किया गया था इसलिए बाद में उनमें से किसी भी श्रमिक को सेवा में नहीं रखा गया इसलिए श्रमिक से कनिष्ठ कर्मचारियों को सेवा में रखने का कोई भी प्रश्न नहीं था ।

12. श्रमिक ने अपने शपथ पत्र में पद सं. 10 में यह उल्लिखित किया है कि उसे सेवा से हटाने के पश्चात् अन्य श्रमिकगण को प्लान्ट पर नियोजित किया गया था व इस प्रकार नियोजक द्वारा धारा 25-एच के प्रावधान की पालना नहीं की गई । पूर्व में जो विचार किया गया है उसे देखते हुए श्रमिक का मामला छंटनी की परिभाषा में नहीं आता है इसलिए धारा 25-एच के प्रावधान भी विचारणीय नहीं है व इसके अलावा श्रमिक के अपने क्लेम में धारा 25-एच के प्रावधान भी विचारणीय नहीं हैं इसके अलावा श्रमिक ने अपने क्लेम में धारा 25-एच के प्रावधान की अवहेलना के संबन्ध में कोई भी तथ्य उल्लिखित नहीं किया है वह यह मान्य विधिक स्थिति है कि अभिकथन के अभाव में किसी भी तथ्य के संबन्ध में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की जा सकती व न ही न्यायाधिकरण द्वारा इस पर विचार किया जा सकता है । नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने करनाल सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक बनाम औद्योगिक न्यायाधिकरण रोहतक एस. एल.जे. (पंजाब व हरियाणा) 1005 का एक निर्णय संदर्भित किया है जिसमें यह प्रतिपादित किया गया है कि यदि संदर्भित विवाद में धारा 25-एच की अवहेलना के संबन्ध में कोई उल्लेख नहीं हो तो न्यायाधिकरण इस पर विचार करने के लिए वैधानिक रूप से सशक्त नहीं है। इस निर्णय के विरुद्ध अन्य कोई विधि दृष्टान्त श्रमिक की ओर से प्रस्तुत नहीं किया गया है तमाम विवेचित तथ्यात्मक व विधिक स्थिति को देखते हुए धारा 25-एच अधिनियम के प्रावधान की अवहेलना नियोजक द्वारा करना न तो साबित है व न यह स्थिति इस विवाद में विचार के लिए प्रसांगिक है ।

13. दुराचरण के सम्बन्ध में आरोप पत्र दिया जाना व उसके प्रभाव के संबध में श्रमिक ने अपने शपथ पत्र में यह बताया है कि 20-1-87 को उसे जो आरोप पत्र दिया गया था उसका जवाब उसने 29-1-87 को प्रस्तुत कर दिया था किन्तु इस पर कोई कार्यवाही किये बिना उसे सेवा से हटाया गया था । श्रमिक के दो अन्य गवाहान राम सिंह व जोगेन्द्र सिंह ने भी इसी प्रकार का तथ्य वर्णित किया है । आरोप पत्र व उसके सम्बन्ध में श्रमिक द्वारा प्रस्तुत किये गये जवाब की फोटो प्रति पत्रावली पर उपलब्ध है यद्यपि उसे साक्ष्य में प्रदर्शित नहीं करवाया गया है किन्तु इसलिए विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि नियोजक द्वारा अपने जवाब में वे श्री राजावत के शपथ पत्र में यह स्वीकार किया गया है कि श्रमिक को आरोप पत्र 20-1-87 को जारी किया गया था । पूर्व में जिस तथ्यात्मक स्थिति पर विचार किया गया है उससे यह प्रमाणित माना गया है कि श्रमिक की सेवा नियुक्ति आदेश की शर्तों के अनुसार 15-1-87 को स्वतः ही समाप्त हो गई थी इसलिए कथित दुराचरण के आधार पर उसे सेवा से मुक्त करने का तथ्य प्रमाणित नहीं माना जा सकता । नियोजक के गवाह ने शपथ पत्र में यह बताया है कि श्रमिक को दिये गये आरोप पत्र पर इसलिए कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं थी क्योंकि उसकी सेवा 15-1-87 को ही समाप्त हो गई थी । इस तथ्य पर को भी जिरह गवाह नहीं की गई है । यह सही है कि 15-1-87 को सेवा समाप्ति के पश्चात् श्रमिक को आरोप पत्र देने का सामान्यतः कोई भी औचित्य नहीं हो सकता था किन्तु इसके लिए नियोजक के प्रतिनिधि का तर्क है कि अन्य कोई लोगों की भी आरोप पत्र इस प्रकार के दिये गये थे इसलिए श्रमिक को भी उनके साथ आरोप पत्र जारी कर दिया गया था किन्तु तथ्यों को देखते हुए कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं थी इसलिए जांच नहीं की गई। यदि यह स्थिति प्रमाणित मानी जावे कि श्रमिक को 15-1-87 के पश्चात् व आरोप पत्र जारी करने के पश्चात सेवा से हटाया गया तो निश्चित रूप से यह विचार करने का आधार बन सकता था कि श्रमिक की सेवा मुक्ति की पृष्ठभूमि कथित दुराचरण हो सकती है । इसके विपरीत जो तथ्य साबित माने गये हैं उनको देखते हुए दुराचरण के आधार पर श्रमिक को सेवा मुक्त करने की धारणा लिया जाना न्यायोचित नहीं है । श्रमिक की ओर से इस सम्बन्ध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बनाम के. एल. सहगल एस. एल. आर. 1995(1) दिल्ली 407 व गुरु प्रसाद बनाम यू. पी. राज्य 1990(4) एस. एल. आर. (इलाहाबाद) 400 के निर्णय संदर्भित किये गये हैं जिनमें यह प्रतिपादित किया गया है कि सामान्य सेवा मुक्त के आदेश के उपलब्ध होने के बावजूद दोनों पक्षों की साक्ष्य व अभिकथनों के संदर्भ में न्यायाधिकरण यह विचार करने के लिए सक्षम है कि क्या श्रमिक की सेवा मुक्ति किसी दुराचरण के आधार पर की गई व न्यायाधिकरण इसके लिए साक्ष्य लेने को व सेवा मुक्ति की पृष्ठभूमि पर विचार करने के लिए सक्षम है। इन सिद्धान्तों पर कोई भी विवाद नहीं है किन्तु विवेचित तथ्यों को देखते हुए इनके आधार पर श्रमिक को कोई भी लाभ नहीं दिया जा सकता ।

14. अन्य कोई भी बिन्दु किसी भी पक्ष की ओर से बहस में प्रस्तुत नहीं किया गया है व न ही पक्षकारों के अभिकथन य साक्ष्य को देखते हुए मामले पर अन्य किसी दृष्टिकोण से विचार करने की आवश्यकता नहीं है ।

15. निर्देशित विवाद का अधिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि श्रमिक मूल सिंह को नियोजक राजस्थान स्टेट टंगस्टन कार्पोरेशन लि. द्वारा दिनांक 16-1-87 से सेवा मुक्त करने की कार्यवाही उचित एवं वैध है व श्रमिक कोई भी अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

16. अवार्ड आज दिनांक 15-9-95 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे ।

के. एल. व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 2 मई, 1996

का. आ. 1534:—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार शुक्ला सोप स्टोन एवं पयना वाले माईन्स के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 1 मई, 1995 को प्राप्त हुआ था ।

[संख्या एल-29012 /2 /94-आई आर (विविध)]
बी एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1996

S. O. 1534.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure. in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Shukla Soap Stone and Piana Clay Mines and their workmen, which was received by the Central Government on 1-5-96.

[No. L-29012|2|94-IR(Misc)]
B. M. DAVID, Desk Officer

परिशिष्ट

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, राज०, जयपुर

केस नं. सी. आई टी 23/94

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश संख्या एल–29012 /2 /94 आई आर) दिनांक 5 अक्टूबर, 1994

श्री मदन लाल पुत्र श्री देवी लाल द्वारा भारतीय खान मजदूर संघ, कार्यालय, गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा

प्रार्थी

बनाम

शुक्ला सोप स्टोन एवं पयना क्ले माईन्स, बहादुरपुरा, पोस्ट—आमलटा, तहसील जहाजपुरा, जिला भीलवाड़ा (राज.)

अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के० एल० व्यास आर०एच०जे०एस० ।

प्रार्थी की ओर से	कोई नहीं
अप्रार्थी की ओर से	कोई नहीं
दिनांक अवार्ड	27-9-95

अवार्ड

किसी भी पक्ष की ओर से कोई उपस्थित नहीं । पूर्व में भी लगातार कई तारीखों पर किसी भी पक्ष का कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था । गत पेशी पर नियोजक पक्ष के खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही का आदेश किया गया था व यूनियन की साक्ष्य हेतु आज तारीख दी गई थी । यूनियन की ओर से क्लेम प्रस्तुत करने के पश्चात् आज तक वस्तुतः कोई भी उपस्थित नहीं हुआ है । उनकी ओर से कोई प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत नहीं हुआ है । ऐसी स्थिति में यह प्रकट होता है कि संबंधित यूनियन क्लेम को प्रेरित नहीं करना चाहती है व साक्ष्य हेतु अवसर देने का कोई भी न्यायोचित कारण नहीं है यूनियन पक्ष की साक्ष्य बंद की जाकर प्रकरण में नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित करने के आदेश दिये जाते हैं जो केन्द्रीय सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे ।

के० एल० व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 2 मई, 1996

का. आ. 1535:—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार श्री रंगीलाल माईन ओनर, सेन्ड स्टोन माईन के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 1-5-96 प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-29012 /30/92-आई आर (विविध)]
बी० एम० डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd May, 1996

S.O. 1535.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Shri Rangi Lal, Mine Owner Sand Stone Mine and their workmen, which was received by the Central Government on 1-5-96.

[No. L-29012/30/92-IR (Misc.)]
B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई.टी. 14/1992

रेफरेंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्र. एल-29012/30/92-आई.आर. एम. एंड सी. 5–8–92

श्री बाबू लाल पुत्र श्री शिम्भू राम जाति अग्रवाल आयु 51 वर्ष निवासी हिन्डोन । ---प्रार्थी

बनाम

श्री रंगीलाल माईन ओवर सेंड स्टोन माईन करौली जिला सवाई माधोपुर ---प्रार्थी

माननीय न्यायाधीश श्री के. एल. व्यास, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री एम. एफ. बेग

अप्रार्थी की ओर से : कोई हाजिर नहीं

दिनांक अवार्ड : 22-5-95

अवार्ड

केन्द्र सरकार द्वारा निम्न विवाद अधिनिर्णय हेतु निर्देशित किया गया है :

'Whether the action of Shri Rangi Lal, Mine owner Sand stone Msne, Karauli, district Sawai Madhopur in terminating the services of Shri Babu Lal S/o Shri Shambhu lal Clerk w.e.f. 1-10-90 is legal & justified ? If not, to what relief the concerned workman is entitled to and from what date ?'

2. श्रमिक के क्लेम में वर्णित तथ्यों के अनुसार उसने विपक्षी/नियोजक के यहां 1-9-63 से मुनीम के पद पर कार्यभार संभाला था व उस तिथि से 1-10-90 तक लगातार विपक्षी के यहां नियोजित रहा । श्रमिक के अनुसार 1-10-90 से नियोजक द्वारा उसकी सेवाएं बिना किसी कारण, बिना किसी नोटिस व क्षतिपूर्ति को समाप्त कर दी गई। श्रमिक का यह भी कथन है कि उसकी सेवा समाप्ति से पूर्व नियोजक द्वारा धारा 25-जी के प्रावधान की पालना भी नहीं की गई।

3. नोटिस विपक्षी को न्यायाधिकरण द्वारा जारी किया गया था व उसकी तामील के बावजूद नियोजक की ओर से न्यायाधिकरण के समक्ष कोई भी उपस्थित नहीं हुआ । नोटिस की तामील विपक्षी पर जरिये रजिस्टर्ड डाक करवाई गई थी जिसकी प्राप्ति की रसीद पत्रावली पर उपलब्ध है। नियमानुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा विवाद को इस न्यायाधिकरण में निर्देशित करने का नोटिस भी विपक्षी को भेजा गया था परन्तु इस नोटिस व न्यायाधिकरण के नोटिस के पश्चात् भी नियोजक द्वारा कोई जवाब प्रेषित नहीं किया गया इसलिये नियोजक के खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही की गई ।

4. श्रमिक ने अपने कथन के समर्थन में स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत किया है व इसके अलावा कुछ प्रलेख की फोटो प्रतियां प्रस्तुत की हैं। बहस सुनी गई व उपलब्ध साक्ष्य एवं प्रलेख पर विचार किया गया।

7. नियोजक की ओर से केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति 30-1-92 व 29-1-92 भी प्रस्तुत की गई हैं उसमें यह निर्देश संबन्धित विभाग को दिये गये हैं कि अक्त प्रकार की केंटीन में कार्यरत कर्मचारियों को केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के समान वेतन भत्ता स्वीकृत किया जाये क्योंकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक रिट याचिका में इस प्रकार के निर्देश केन्द्रीय सरकार को दिये गये हैं तथा यह सुविधा 1-10-91 से प्रभावी बनाई गई है । इस विज्ञप्ति में यह भी उल्लेख है कि उक्त सुविधाएं प्रदान करने के पश्चात् केंटीन के कर्मचारियों पर केन्द्रीय सरकार के समक्ष नियम लागू होंगे । केन्द्रीय सरकार का कोई भी प्रतिष्ठान जो उद्योग की परिभाषा में आता है उसके कर्मचारियों के लिए केन्द्रीय सरकार के समवा नियम व वेतनमान लागू होते हैं किन्तु मात्र इसी मापदण्ड से यह नहीं माना जा सकता कि वह संस्थान उद्योग की परिभाषा में नहीं आता है । हर राज्य सरकार व केन्द्रीय सरकार के औद्योगिक संस्थान के कर्मचारियों के समवा नियम संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत बनाये जाते हैं व इन सेवा नियमों के लागू होने से उद्योग की परिभाषा तय नहीं की जा सकती । संस्थान की गतिविधि व कार्य के आधार पर ही यह विनिश्चय किया जा सकता है कि संस्थान उद्योग की परिभाषा में आता है अथवा नहीं ।

8. नियोजक की ओर से केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण जयपुर के एक निर्णय ओ.ए. नं. 334/87 दिनांक 19-7-94 की फोटो प्रति नियोजक की ओर से प्रस्तुत की गई है जिसमें ए.जी. कार्यालय से संलग्न रोजनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से संलग्न केंटीन का इस आधार पर उद्योग नहीं माना गया है क्योंकि निर्णय के अनुसार वह केंटीन आर.सी.आई. का एक अविभाजित (इंटीग्रल) है । इस प्रकरण में अधिकरण के समक्ष किस प्रकार की साक्ष्य प्रस्तुत हुई थी इसका विवेचन निर्णय में नहीं किया गया है । इसके अलावा भी उद्योग की परिभाषा के संबन्ध में उपलब्ध विधि दृष्टान्तों की विस्तृत व समुचित व्याख्या इस अधिनिर्णय में नहीं की गई है । इसके अतिरिक्त भी सुन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण का निर्णय इस न्यायाधिकरण के लिए वैधानिक बाध्यता नहीं रखता है । यह टिप्पणी लिखने का किसी भी रूप में यह आशय नहीं है कि अधिकरण के निर्णय के प्रति न्यायाधिकरण का सम्मान नहीं है किन्तु जिन तथ्यों व परिस्थितियों में न्यायाधिकरण द्वारा केंटीन को उद्योग नहीं मानने का भी विनिश्चय किया गया है वह इस न्यायाधिकरण की राय में वर्तमान मामले के तथ्यों को देखते हुए इस प्रकरण पर लागू नहीं होता ।

9. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने उपलब्ध तथ्यों को दृष्टि से केंटीन की उद्योग की परिभाषा में मानने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय बेंगलौर वाटर सप्लाई बनाम ए. राजप्पा एफ.एल.आर. 1978 (36) पेज 266 ए. सुन्दरमबल बनाम गोआ राज्य ए.आई.आर. 1988 (एस.सी. (1700 के निर्णय प्रस्तुत किये हैं । माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने दोनों सुविख्यात निर्णयों में किसी भी संस्थान को उद्योग की परिभाषा में मानने के लिए जो सर्वमान्य मापदण्ड निर्धारित किये हैं उनको देखते हुए व इस प्रकरण के तथ्यों को देखते हुए न्यायाधिकरण की यह निश्चित राय है कि विवादग्रस्त केंटीन उद्योग की परिभाषा में आती है । इसके अलावा श्रमिक की ओर से 1995 लैब.आई.सी. 108(एम.पी.) भारत संघ बनाम पीठासीन अधिकारी केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण जबलपुर का एक निर्णय प्रस्तुत किया है जिसमें यह प्रतिपादित किया गया है कि यदि कोई भी कर्मचारी अधिनियम के तहत श्रमिक की परिभाषा में आता है व उसकी सेवा शर्तों के लिए संविधान के अनुच्छेद 309 के नियम बनाये गये हैं तो उनके आधार पर वह कर्मचारी अधिनियम के प्रावधान से अलग नहीं माना जा सकता । जिन तथ्यों पर यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है वह पूर्ण रूप से इस

प्रकरण के तथ्यों पर लागू होता है व इसके सम्बन्ध में पूर्व में भी विवेचना की गई है। निष्कर्ष यह है कि मामले के उपलब्ध तथ्यों व दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत विधि दृष्टान्तों को देखते हुए यह विनिश्चय किया जाता है कि जिस कैंटीन में श्रमिक को नियुक्त किया गया था वह उद्योग की परिभाषा में आती है व परिणामस्वरूप श्रमिक कामगार की परिभाषा में आता है।

10. अगला विचारणीय बिन्दु यह है कि दिनांक 2-1-84 को प्रदर्श डब्ल्यू–2 आदेश के जरिये श्रमिक को सेवा मुक्त करने से पूर्व उसने सम्बन्धित कैंटीन में 240 दिन या उससे अधिक कार्य किया था। प्रदर्श डब्ल्यू–1 श्रमिक की नियुक्ति का आदेश 1-8-83 का है जिसके अनुसार उसे परिवीक्षा पर नियुक्त किया गया था प्रदर्श डब्ल्यू–2 उसकी सेवा समाप्ति का आदेश है जिसको नियोजक ने स्वीकार किया है। विवाद दोनों पक्षों के बीच यह है कि नियोजक के अनुसार 1-8-83 से पूर्व श्रमिक ने केन्टीन में कोई कार्य नहीं किया था जबकि श्रमिक का कथन है कि उसने पहली बार 15-6-82 को ड्यूटी जोइन की थी व तब से उसने लगातार वहां कार्य किया था। अपने शपथ पत्र में श्रमिक ने इस तथ्य का समर्थन किया है। जिरह में उसने कहा है कि 1-8-83 से पूर्व उसे कोई नियुक्ति आदेश नहीं दिया गया था। इसके अलावा कोई भी जिरह इस तथ्य पर प्रहार करने के लिए नहीं की गई है कि वह कैन्टीन में 15-6-82 से कार्यरत था। अपने कथन के समर्थन में श्रमिक ने प्रदर्श डब्ल्यू–3 प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये हैं जो 21-8-82 का है यह प्रमाण पत्र भी कैन्टीन के सहायक सचिव द्वारा जारी किया हुआ है। इस प्रमाण पत्र को नियोजक पक्ष ने गलत या संदेहपूर्ण नहीं बताया है। प्रमाण पत्र में यह उल्लेख है कि श्रमिक ने प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व कैन्टीन में करीब 6 माह कार्य किया था। नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि का यह कथन है कि इस प्रमाण पत्र से यह साबित नहीं होता कि 21-8-82 से पूर्व श्रमिक कैन्टीन में कार्यरत था जो कथन प्रमाण पत्र में उल्लिखित तथ्यों को देखते हुए स्वीकार्य नहीं है।

11. नियोजक के गवाह श्री आर.पी. सिंह ने अपने शपथ पत्र में यह कहा है कि श्रमिक की नियुक्ति 1-8-83 के आदेश से पहली बार की गई थी। उन्होंने यह भी कहा है कि यह बयान उन्होंने रिकार्ड के आधार पर दिया है। जो जिरह इस संबंध में गवाह से की गई है उसमें उन्होंने यह बताया है कि श्रमिक के काम की उन्हें कोई भी व्यक्तिगत जानकारी नहीं है क्योंकि संबंधित समय वे कैन्टीन में कार्यरत नहीं थे। उन्होंने जिरह में इस तथ्य को स्वीकार किया है कि 1-8-83 से पूर्व दैनिक वेतन पर श्रमिक कैन्टीन में कार्यरत था। चूंकि इस गवाह को श्रमिक के कार्य के संबंध में कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं है इसलिए उनका यह कथन श्रमिक के साक्ष्य की तुलना में मानने योग्य नहीं है। नियोजक का यह दायित्व था कि नकारात्मक साक्ष्य के लिए उस व्यक्ति को प्रस्तुत किया जाता जो उस समय कैन्टीन के कार्य की देखभाल करता था। इसके अलावा जिरह में श्री सिंह ने यह स्वीकार किया है कि जो भी कर्मचारी कैन्टीन में कार्य करते थे उनकी उपस्थिति दर्ज की जाती थी। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि 1983 का हाजिरी रजिस्टर उन्होंने नहीं देखा। वर्ष 82-83 को उपस्थिति रजिस्टर नहीं मिला उनका यह भी कथन है कि उस अवधि में श्री वार्ष्णेय व हिम्मत बहादुर कैन्टीन के प्रभारी थे। प्रदर्श डब्ल्यू-3 पर श्री वार्ष्णेय के हस्ताक्षर उन्होंने स्वीकार किये हैं। उक्त दोनों गवाह में से कोई भी साक्ष्य में प्रस्तुत नहीं हुआ है। उपस्थिति रजिस्टर उपलब्ध नहीं होने के संबंध में कोई शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है न ही संबैधानिक रूप से उपस्थिति रजिस्टर के कस्टोडियन के बयान नियोजक की ओर से करवाये गये हैं। ऐसी स्थिति में यह धारणा लेना न्यायोचित है कि उपलब्ध प्रालेखीय साक्ष्य अकारण नियोजक द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई है। नियोजक की साक्ष्य का निष्कर्ष यह है कि श्री आर. पी. सिंह को तथ्यों की व्यक्तिगत जानकारी नहीं है, सुसंगत जानकारी की कोई भी व्यक्ति साक्ष्य में प्रस्तुत नहीं हुआ है, जो महत्वपूर्ण अभिलेख उपस्थिति के संबंध में उपलब्ध थे वह प्रस्तुत नहीं किये गये हैं तथा प्रदर्श डब्ल्यू-3 प्रमाण पत्र को नियोजक पक्ष द्वारा स्वीकार किया गया है। दोनों पक्षों की मौखिक व प्रालेखीय साक्ष्य के आधार पर यह विनिश्चय किया जाता है कि श्रमिक ने 16-6-82 से 2-1-84 तक निरन्तर नियोजक के यहां कार्य किया था व इस प्रकार यह अवधि 240 दिन से अधिक होती है। यह मान्य स्थिति है कि नियोजक द्वारा सेवा मुक्ति से पूर्व धारा 25-एफ के प्रावधान की पालना नहीं की गई। नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने इस बाबत विवाद नहीं किया है कि प्रारंभ में दैनिक मजदूरी पर व बाद में परिवीक्षा पर नियुक्ति की अवधि की धारा 25-एफ के प्रावधान के लिए संयुक्त रूप से शामिल किया जाता है। इन परिस्थितियों में श्रमिक को सेवा मुक्ति का आदेश अनुचित व प्रारंभ से ही शून्य व अवैध है।

12. श्रमिक ने अपने शपथ पत्र में यह बताया है कि वह सेवा मुक्ति के पश्चात लगातार बेरोजगार है तथा प्रयास करने के बावजूद उसे दूसरा कोई भी काम उपलब्ध नहीं हो सका। जिरह में उसने स्वीकार किया है कि गत एक वर्ष से वह किसी निजी फर्म में 550/ रुपये मासिक वेतन पर नौकरी करता है। नियोजक की ओर से जवाब में यह प्रतिरक्षा ली गई है कि श्रमिक सेवा मुक्ति के पश्चात लाभकारी रूप से कहीं नियोजित है या उसकी आजीविका का अन्य कोई स्त्रोत है। नियोजक के गवाह श्री सिंह ने अपने शपथ पत्र में इस संबंध में कोई भी तथ्य वर्णित नहीं किया है। श्रमिक के शपथ पत्र पर जिरह 9-7-91 को हुई है व उसके बाद यह प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है कि श्रमिक बेरोजगार है इसलिए जुलाई 1991 तक श्रमिक समस्त बकाया वेतन प्राप्त करने का अधिकारी है उसके पश्चात चूंकि वह नौकरी में नियोजित है इसलिए उसे नियोजक पक्ष के यहां नियमित नियोजक की स्थिति में जो वेतन व अन्य लाभ प्राप्त होते उसके व अन्य जगह नियोजक के कारण प्राप्त

होने वाले वेतन के अन्तर के रूप में उपलब्ध राशि श्रमिक नियोजक से प्राप्त करने का अधिकारी हो सकता है । इसके लिए संबंधित पक्षों द्वारा धारा 33 (सी) (2) अधिनियम के तहत अलग से कार्यवाही की जा सकती है ।

12. निर्देशित विवाद का अधिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि श्रमिक कृष्ण कुमार सक्सैना की सेवाएं सचिव, कैन्टीन महालेखाकार कार्यालय जयपुर द्वारा 2-1-84 से समाप्त करने की कार्यवाही अनुचित व अवैधानिक है इसलिए श्रमिक सेवा की निरन्तरता कायम रखते हुए पुनः सेवा में बहाल होने का अधिकारी है । 2-1-84 से जून 1991 तक का समस्त पिछला बकाया वेतन व आय लन्भ नियमानुसार श्रमिक नियोजक से प्राप्त करने का अधिकारी है । जुलाई 1991 के पश्चात् श्रमिक को अन्यत्र नियोजन के कारण बकाया वेतन के रूप में क्या राशि नियोजक द्वारा देय होगी उसका विनिश्चय धारा 33 (सी) (2) अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के जरिये संबंधित पक्षकारों द्वारा कराया जा सकता है ।

13. अधिनिर्णय आज दिनांक 26-9-1995 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे ।

के.एल. व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 7 मई, 1996

का०आ० 1552.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार दूर संचार के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कमकारों के बीच, अनबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 2-5-91 को प्राप्त हुआ था ।

[संख्या एल-40012/113/89-डी-2-बी]
के.वी.बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 7th May, 1996

S.O. 1552.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act. 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Dispute Jaipur as shown in the Annaxeure, in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Telecom and their workman, which was received by the Central Government on 2-5-96.

[No. L-40012/113/89-D-DB]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस न. सी.आई.टी. 43/1990

रैफरैंस : केन्द्र सरकार श्रम मंत्रालय,, नई दिल्ली के आदेश क्रमांक एल.-40012/113/89 डी-2बी दिनांक 10-7-90

श्री श्रीलाल पुत्र श्री बन्हैयालाल ग्राम कोकालिया मलारना चौड़ जिला सवाई माधोपुर ।

—प्रार्थी

बनाम

डिवीजनल इंजीनियर टैलीकॉम (आर.ई.) न्य. दिल्ली ।

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के.एल. व्यास, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से :	श्री बी.एम. बागड़ा
अप्रार्थी की ओर से :	कोई हाजिर नहीं
दिनांक अवार्ड :	11-9-1995

अवार्ड

निम्न विवाद केन्द्र सरकार द्वारा अधिनिर्णय हेतु निर्देशित किया गया है :

'Whether the action of the management of Divisional Engineer, Telecom R.E. New Delhi is justified in not absorbing Shri Shreelal in Madhya Pradesh due to closureo f Sawai Madhopur Project ? If not, what relief the workman is entitled to ?'

2. श्रमिक ने प्रस्तुत क्लेम में यह बताया है कि उसने विपक्षी विभाग के अधीन सवाई माधोपुर परियोजना में जुलाई 1986 से 31-12-87 तक कार्य किया था व उसके पश्चात उसकी सेवाएं वहां से समाप्त की गई । इस संबंध में उसने समझौता अधिकारी के समक्ष विवाद प्रस्तुत किया था व 2-1-89 को दोनों पक्षों के बीच समझौत अधिकारी के समक्ष यह समझौता हुआ कि श्रमिक को नियोजक द्वारा पुनः कार्य पर लिया जायेगा व मध्य प्रदेश में खाली जगह पर उसे नियोजित किया जायेगा । इस समझौते के परिणामस्वरूप उसने ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए प्रार्थना-पत्र दिया किन्तु मध्य प्रदेश के स्थान पर उसे दक्षिण भारत में सेलम परियोजना पर कार्य करने के लिए भेजा गया तथा सेलम में भी उसे इस आधार पर ड्यूटी पर नहीं लिया गया कि वह अंग्रेजी या तमिल पढ़ना लिखना नहीं जानता । इस पर वह वापस भोपाल डिवीजनल इंजीनियर के यहां उपस्थित हुआ किन्तु उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की । इससे व्यथित होकर श्रमिक द्वारा पुनः समझौता अधिकारी के समक्ष विवाद प्रस्तुत किया गया व असफल वार्ता के पश्चात यह विवाद निर्देशित किया गया है । अनुतोष यह मांगा गया है कि 1-1-89 के समझौते के परिणामस्वरूप नियोजक को यह निर्देश दिया जाये कि वह श्रमिक को मध्य प्रदेश में किसी परियोजना पर पदस्थापित करें तथा श्रमिक को 31-12-87

की सेवा मुक्ति के पश्चात समस्त बकाया लाभ निरन्तर सेवा में मानते हुए स्वीकृत किये जावें।

3. नियोजक की ओर से जवाब में प्रारंभिक आपत्ति यह ली गई है कि सवाई माधोपुर में जो विद्युतीकरण की परियोजना थी वह अस्थाई थी तथा वहां काय समाप्त होने के पश्चात परियोजना को बंद कर दिया गया व सभी श्रमिकों व कर्मचारियों का स्थानान्तरण उनकी पुरानी इकाई में कर दिया गया तथा जो कर्मचारी अस्थाई थे उन्हें सेवा मुक्त किया गया। श्रमिक के लिए यह बताया गया है क उसने स्वेच्छा से ही काम पर आना बंद कर दिया था। एक आपत्ति यह ली गई है कि संबंधित विभाग उद्योग की परिभाषा में नहीं आता है इसलिए विवाद पोषणीय नहीं है। 31-12-87 को श्रमिक को सेवा से हटाने के तथ्य को नियोजक ने स्वीकार नहीं किया है व विकल्प में यह अभिकथित किया है कि परियोजना बंद होने के कारण धारा 25-एफ लाग नहीं होती है। इसके अलावा यह बताया गया है कि अनुकम्पा स्वरूप समझौता अधिकारी के समक्ष नियोजक ने यह स्वीकार किया था कि श्रमिक को मध्य प्रदेश परियोजना में कार्य पर लगाया जा सकता है तथा मध्य प्रदेश योजना उस समय भोपाल से सेलम तक कार्यरत थी व भोपाल में जगह नहीं होने के कारण श्रमिक को सेलम भेजा गया था तथा वहां से उसे तिरूपन्तूर में सहायक अभियन्ता के यहां ड्यूटी जोइन करने के लिए निर्देशित किया गया परन्तु उसने वहां ड्यटी जोइन नहीं की तथा इस बात पर जोर दिया कि उसे उज्जैन में रखा जावे। उज्जैन में कोई भी जगह नहीं होने के कारण वहां श्रमिक को नियोजित किया जाना संभव नहीं था। इस प्रकार नियोजक का कथन यह है कि समझौते के परिणामस्वरूप स्वयं श्रमिक ने स्वैच्छा से ड्यूटी जोइन नहीं की इसलिए वह कोई भी अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। जवाब के साथ आर-1 से आर-6 प्रलेख नियोजक द्वारा प्रस्तुत किये गए हैं।

4. मौखिक साक्ष्य में श्रमिक की ओर से उसका स्वयं का शपथ पत्र व नियोजक की ओर से एक गवाह श्री शिवाजी उपाध्याय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। बहस के समय नियोजक की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ तथा श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि की बहस सुनी गई।

5. नियोजक द्वारा संबंधित विभाग को उद्योग नहीं मानने की जो प्रतिरक्षा जवाब में ली गई है उस संबंध में मौखिक साक्ष्य में कोई भी तथ्य गवाह श्री शिवाजी उपाध्याय द्वारा अभिकथित नहीं किये गये हैं। दोनों पक्षों द्वारा जो अभिकथन प्रस्तुत किये गये हैं उनसे यह स्पष्ट है कि सवाई माधोपुर व भोपाल परियोजना पर रेलवे विद्युतीकरण का कार्य होता था इसलिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बंगलोर वाटर सप्लाई के मामले में जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये हैं, उन्हें देखते हुए विपक्षी विभाग को उद्योग की परिभाषा में माना जाता है। नियोजक की ओर से केन्द्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण इलाहाबाद के एक निर्णय की फोटो-प्रति प्रस्तुत की गई है जिसमें उद्योग के संबंध में जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये हैं वे इस न्यायाधिकरण को मानने के लिए बाध्य नहीं हैं।

6. दोनों पक्षों के अभिकथनों से यह स्पष्ट है कि प्रारंभ में श्रमिक को सवाई माधोपुर परियोजना पर नियोजित किया गया था जहां बाद में कार्य समाप्त हो गया था। इसके आगे श्रमिक को कथन है कि नियोजक द्वारा उसकी सेवा धारा 25 एफ अधिनियम 1947 के प्रावधान पालना के बिना समाप्त की गई थी वहीं नियोजक का कथन यह है कि श्रमिक स्वेच्छा से काम छोड़कर चला गया था। अभिकथनों से यह भी स्पष्ट है कि इस कथित सेवा मुक्ति के संबंध में सहायक श्रम आयुक्त कोटा के समक्ष विवाद प्रस्तुत हुआ था व वहां दोनों पक्षों के बीच समझौते के परिणामस्वरूप नियोजक को मध्य प्रदेश परियोजना में श्रमिक को नियोजित करने के निर्देश दिये गये थे। इस आदेश की फोटो प्रति परिशिष्ट-2 है जो विवादग्रस्त नहीं है। इस समझौते में यह स्पष्ट उल्लेख है कि नियोजक ने श्रमिक की मध्य प्रदेश परियोजना में नियोजित करने की सहमति दी व यदि एक सप्ताह के भीतर श्रमिक कार्य पर उपस्थित नहीं होगा तो यह समझौता मानने के लिए नियोजक बाध्य नहीं होगा। इस समझौते के परिणामस्वरूप 31-12-87 को कथित सेवा मुक्ति का जो विवाद था वह स्वतः ही समाप्त हो गया तथा वर्तमान निर्देश में उस पर कोई विनिश्चय करने के निर्देश भी न्यायाधिकरण को नहीं है। अतः 31-12-87 की सेवा मुक्ति के संबंध में जो भी अभिकथन व साक्ष्य प्रस्तुत हुई है उस पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

7. निर्देशित विवाद के अनुसार यह अभिनिर्धारित किया जाना है कि क्या नियोजक द्वारा श्रमिक को मध्य प्रदेश परियोजना में नियोजित करना न्यायोचित है या नहीं। श्रमिक ने अपने क्लेम में व शपथ पत्र में यह बताया कि 1-1-89 के समझौते के परिणामस्वरूप उसने पहले भोपाल में ड्यूटी जोइन करने के लिए उपस्थिति दी किन्तु उसे वहां से प्रदर्श आर-3 के जरिये सेलम में रिपोर्ट करने के लिए भेजा गया इसके अलावा श्रमिक का कथन है कि सेलम में भी उसे ड्यूटी पर नहीं लिया गया तथा जो भी बात उससे की गई वह इसलिए नहीं समझ सका क्योंकि वह तमिल भाषा नहीं जानता है। सेलम में ड्यूटी पर नहीं लेने के कारण वह वापस भोपाल आया किन्तु वहां भी उसे ड्यूटी पर नहीं लिया इसलिए उसने समझौता अधिकारी के पास पुनः विवाद प्रस्तुत किया। शपथ पत्र पर श्रमिक से जो जिरह हुई है उसमें उसने इस सुझाव को अस्वीकार किया है कि सेलम में उसे तिरूपन्तूर ड्यूटी जोइन करने के लिए कहा गया। इसके आगे उसने यह भी बताया है कि में तमिलनाडू नहीं जाऊंगा क्योंकि वह स्थान बहुत दूर है तथा वहां की भाषा

भी नहीं जानता हूं। इसके अलावा श्रमिक का यह कथन है कि 1-1-89 के समझौते के अनुसार उसे भोपाल में ही नियोजित करने के निर्देश थे जिसकी पालना नियोजक द्वारा नहीं की गई । नियोजक की प्रतिरक्षा यह है कि भोपाल या उज्जैन में कोई जगह नहीं थी इसलिए श्रमिक को सेलम भेजा गया व वहां से उसे तिरुपन्तूर ड्यूटी जोइन करने के लिए निर्देशित किया गया किन्तु स्वेच्छा से उसने वहां ड्यूटी जोइन नहीं की तथा समझौते के अनुसार भोपाल या उज्जैन में नियोजित करने का कोई निर्देश नहीं था व भोपाल परियोजना भोपाल से सेलम तक कार्यरत थी। नियोजक के गवाह श्री शिवाजी उपाध्याय ने अपने शपथ पत्र में इन्हीं तथ्यों की पुष्टि की है व जो जिरह उनसे की गई है उसमें इन तथ्यों को गलत मानने का कोई भी आधार उत्पन्न नहीं हुआ है। इसके अलावा नियोजक की ओर से जो प्रलेख प्रस्तुत किये गये हैं उनमें परिशिष्ट-6 स्वयं श्रमिक का लिखित प्रार्थना-पत्र है जिसमें उसने यह बताया है कि वह दक्षिण भारत में नौकरी करने का इच्छुक नहीं है इसलिए उसे नागदा या उज्जैन में ड्यूटी पर लिया जावे। इस प्रलेख को किसी भी रूप में श्रमिक की ओर से गलत नहीं बताया गया है। स्वयं श्रमिक ने न्यायाधिकरण के समक्ष जिरह में भी यह स्वीकार किया है कि वह दक्षिण भारत में नौकरी करने का इच्छुक नहीं है। 1-1-89 के समझौते में यह स्पष्ट उल्लेख है कि भोपाल से सेलम परियोजना पर श्रमिक को नियोजित किया जायेगा इसलिए सामान्य स्थिति में नियोजक भोपाल या उज्जैन में श्रमिक को कार्य पर लेने के लिए बाध्य नहीं थे। इसके अलावा नियोजक के गवाह श्री शिवाजी ने यह बताया है कि उस समय उज्जैन व भोपाल में पहले से अधिक श्रमिक कार्यरत थे इसलिए वहां वर्तमान श्रमिक को ड्यूटी पर लेना संभव नहीं था इन तथ्यों पर कोई जिरह गवाह से नहीं की गई है। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने बहस में यह बताया है कि भोपाल या उज्जैन में एक जगह होने के बावजूद श्रमिक को वहां नियोजित नहीं किया गया जो कार्यवाही नियोजक की अनुचित श्रम व्यवहार की परिभाषा में आती है इसलिए विवाद में अधिनिर्णय श्रमिक के पक्ष में पारित किया जावे। विपक्षी की ओर से जो साक्ष्य प्रस्तुत हुई है उसके विपरीत स्वयं श्रमिक ने ऐसी कोई भी मौखिक या प्रालेखीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की है जिससे यह प्रमाणित हो कि उज्जैन या भोपाल में श्रमिक को लगाने के लिए जगह उपलब्ध थी। ऐसी स्थिति में श्रमिक की ओर से प्रस्तुत उक्त तर्क को स्वीकार नहीं किया जा सकता। दोनों पक्षों की ओर से जो मौखिक व प्रालेखीय साक्ष्य प्रस्तुत हुई है उसका सार यह है कि 1-1-89 के समझौते के अनुसार नियोजक को यह निर्देश था कि श्रमिक को भोपाल से सेलम तक की कार्यरत परियोजना में नियोजित किया जावे, उज्जैन व भोपाल में जगह नहीं होने के कारण श्रमिक को सेलम भेजा गया था व वहां से तिरुपन्तूर ड्यूटी जोइन करने के निर्देश उसे दिये गये जहां उसने स्वेच्छा से ड्यूटी जोइन नहीं की। इसलिए 1-1-89 के समझौते की पालना नियोजक द्वारा नहीं करने का तथ्य किसी भी रूप में प्रमाणित नहीं होता है तथा न ही नियोजक द्वारा किसी प्रकार की अनुचित श्रमिक प्रक्रिया अपनाने का तथ्य प्रमाणित होता है। ऐसी स्थिति में श्रमिक कोई अनुतोष इस निर्देश के जरिये प्राप्त करने का अधिकारी नहीं हो सकता।

8. विवेचित विवाद का अधिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि नियोजक द्वारा श्रमिक श्रीलाल को मध्य प्रदेश परियोजना में नियोजित करने का आदेश पारित किया गया था तथा उसने स्वेच्छा से वहां ड्यूटी जोइन नहीं की इसलिए श्रमिक कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

9. अवार्ड आज दिनांक 11-9-95 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ निम्नानुसार भेजा जावे।

के. एल. व्यास, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 7 मई, 1996

का. आ. 1553.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डाक व तार के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 2-5-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल—40012/2/85—डी 2 बी]
के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 7th May, 1996

S.O. 1553.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal Jaipur as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of P&T and their workman, which was received by the Central Government on 2-5-96.

[No. L-40012/2/85-D2B]
K. V. B. UNNY, Dsek Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 5/1986

रैफरेंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्र. एल. 40012/2/85—डी II (बी) दिनांक 14-2-86

श्याम बिहारी शर्मा पुत्र श्री रामकरण शर्मा, डाकघर बलोटा, पी. ओ. गिरधरपुरा वाया कुनारी ।

—प्रार्थी

बनाम

एस. डी. ओ. (दूरभाष) द्वितीय डाक व तार विभाग, विज्ञान नगर कोटा (राज.)

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री के. एल. व्यास, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री एस. पी. सिंह

अप्रार्थी की ओर से : कोई हाजिर नहीं (एक-पक्षीय)

दिनांक अवार्ड : 27-10-1995

अवार्ड

केन्द्र सरकार द्वारा निम्न निर्देश अधिनिर्णय हेतु निर्देशित किया गया है :

"क्या एस. डी. ओ. (टेलीफोन्स II) कोटा की दैनिक दर के नैमित्तिक श्रमिक श्री श्याम बिहारी शर्मा की सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही न्यायोचित है ? यदि नहीं तो कर्मकार श्री श्याम बिहारी शर्मा किस अनुतोष का हकदार है ?"

2. श्रमिक ने अपने क्लेम में यह अभिकथित किया है कि उसे विपक्षी नियोजक द्वारा अगस्त 1983 से सितम्बर, 1984 तक दैनिक मजदूरी पर नियोजित किया गया था व उस अवधि में उसने लगातार नियोजक के यहां 402 दिन कार्य किया था व उसके पश्चात् धारा 25—एफ व 25—जी औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (जिसे तत्पश्चात् अधिनियम संबोधित किया जायेगा) की पालना किये बिना उसकी सेवाएं नियोजक द्वारा समाप्त की गई इसलिए श्रमिक की सेवा मुक्ति की कार्यवाही अनुचित व अवैध है। श्रमिक का यह भी कथन है कि सेवा मुक्ति की तिथि से वह बेरोजगार है तथा उसके पास आय का अन्य कोई साधन नहीं है। अनुतोष यह मांगा गया है कि श्रमिक को समस्त बकाया वेतन सहित सेवा में पुनः बहाल करने का आदेश दिया जावे।

3. नियोजक की ओर से जवाब में इस तथ्य को विशिष्ट रूप से खण्डन नहीं किया गया है कि श्रमिक ने नियोजक के यहां 402 दिन काम किया था बल्कि इस तथ्य को परोक्ष रूप से स्वीकार किया गया है। प्रतिरक्षा यह ली गई है कि श्रमिक की नियुक्ति पूर्ण रूप से आकस्मिक श्रमिक के रूप में व दैनिक मजदूरी पर की गई थी तथा उसकी नियुक्ति किसी भी स्थाई प्रकृति के कार्य के लिए या स्थाई स्थान के लिए नहीं की गई थी व इसके अलावा श्रमिक की सेवाएं नियोजक द्वारा किसी भी समय समाप्त नहीं की गई बल्कि श्रमिक ने स्वेच्छा से काम पर आना बंद कर दिया था क्योंकि उसे वेतन कम मिलता था तथा वह नियमित वेतनमान चाहता था। इन आधारों पर यह बताया गया है कि नियोजक की ओर से अधिनियम के किसी भी प्रावधान की अवहेलना नहीं की गई।

4. प्रारंभ में नियोजक की ओर से उनके प्रतिनिधि उपस्थित होते थे किन्तु बाद में नियोजक की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ इस कारण नियोजक के खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही का आदेश दिया गया।

5. श्रमिक की ओर से एकपक्षीय कार्यवाही में उसका स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है व इसके अलावा प्रदर्श डब्ल्यू 1 प्रलेख साक्ष्य में प्रदर्शित करवाये गये हैं। श्रमिक ने शपथ पत्र में यह वर्णित किया है कि उसने अगस्त 1983 से सितम्बर, 1984 की अवधि में लगातार नियोजक के यहां 402 दिन कार्य किया था व 1-10-84 से उसकी सेवाएं नियोजक द्वारा बिना नोटिस छंटनी का मुआवजा दिये समाप्त की गई। यह भी अभिकथित किया गया है कि श्रमिक की सेवा मुक्ति के समय उससे कनिष्ठ श्रमिक कार्यरत थे तथा बाद में भी अन्य श्रमिकों को नियोजित किया गया था। श्रमिक ने शपथ पत्र में यह भी बताया है कि उसने स्वेच्छा से काम पर आना बंद नहीं किया था। प्रदर्श डब्ल्यू 1 प्रलेख जो साक्ष्य में प्रदर्शित करवाये गये हैं वह संबंधित एस. डी. ओ. टेलीफोन्स कोटा द्वारा दिये गये प्रमाण पत्र हैं जिनके अनुसार श्रमिक ने उनके यहां अगस्त 1983 से सितम्बर 1984 के बीच 402 दिन काम किया था। नियोजक ने अपने जवाब में इस तथ्य का खण्डन नहीं किया है तथा साक्ष्य में भी इसके विरोध में कोई भी तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः मौखिक व प्रालेखीय साक्ष्य से यह साबित है कि श्रमिक ने लगातार 402 दिन नियोजक के यहां कार्य किया था। नियोजक ने जवाब में जो यह बताया है कि श्रमिक की नियुक्ति आकस्मिक श्रमिक के रूप में व दैनिक मजदूरी पर की गई थी उसके लिए कोई भी साक्ष्य नहीं है किन्तु श्रमिक का कथन इसके विपरीत नहीं है व इसके बावजूद जहां तक धारा 25—एफ के प्रावधान की पालना का प्रश्न है, उस पर कोई भी विपरीत प्रभाव इस तथ्य से नहीं पड़ता है क्योंकि दैनिक मजदूरी पर भी जिस श्रमिक ने 240 दिन से अधिक लगातार कार्य किया है उसको धारा 25 एफ के अनुसार नोटिस, व मुआवजा दिया जाना आज्ञापक है अतः यह साबित है कि नियोजक द्वारा श्रमिक की कथित सेवा मुक्ति के समय धारा 25; एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना नहीं की गई है। नियोजक ने अपने जवाब में जो यह प्रतिरक्षा ली है कि श्रमिक स्वयं ही नौकरी छोड़कर चला गया था उसके समर्थन में कोई भी मौखिक या प्रलेखनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की गई तथा श्रमिक ने अपने शपथ पत्र में व क्लेम में यह स्पष्ट उल्लेख किया है कि उसने स्वेच्छा से नौकरी पर आना बंद नहीं किया था बल्कि उसे सेवा से हटाया गया था। पत्रावली पर उपलब्ध किसी भी दस्तावेज से नियोजक की प्रतिरक्षा की संभावना प्रकट नहीं होती है।

6. श्रमिक ने अपने क्लेम में धारा 25—जी अधिनियम के प्रावधान की अवहेलना नियोजक द्वारा करना बताया है व शपथ पत्र व क्लेम में मात्र यह उल्लेख

किया है कि उसकी सेवामुक्ति के समय उससे कनिष्ठ श्रमिक कार्यरत थे परन्तु किसी भी श्रमिक का नाम उल्लिखित नहीं किया गया है व न ही इस संबंध में नियोजक का कोई रिकार्ड तलब करवाया गया है। ऐसी स्थिति में श्रमिक के अस्पष्ट व अनिश्चित कथन के आधार पर यह माना जाना संभव नहीं है कि उसकी मुक्ति के श्रेणी के कनिष्ठ कर्मचारी नियोजक के यहां कार्य कर रहे थे।

7. श्रमिक ने शपथ पत्र में यह उल्लेख किया है कि उसकी सेवामुक्ति के पश्चात् अन्य व्यक्तियों को नियोजक द्वारा नियोजित करके धारा 25-एच अधिनियम के प्रावधान की अवहेलना की गई है। यह साक्ष्य इसलिए विश्वसनीय नहीं है क्योंकि क्लेम में इस प्रकार का कोई भी कथन श्रमिक द्वारा नहीं किया गया है व इसके अलावा साक्ष्य में भी यह नहीं बताया गया है कि किस व्यक्ति को किस रूप में नियोजक द्वारा श्रमिक की सेवामुक्ति के पश्चात् नियोजित किया गया था। यह विवादहीन विधि की स्थिति है कि किसी भी तथ्य के संबंध में अभिकथन के अभाव में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की जा सकती। अतः धारा 25-एच के प्रावधान की अवहेलना का तथ्य भी प्रमाणित नहीं माना जा सकता।

8. श्रमिक ने अपने क्लेम में यह बताया है कि वह सेवामुक्ति के पश्चात् बेरोजगार रहा है, शपथ पत्र में इस संबंध में कोई भी उल्लेख नहीं किया गया है किन्तु माननीय सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिपादित सिद्धान्तों के अनुसार नियोजक के लिए यह प्रतिरक्षा लेना आवश्यक है कि श्रमिक के पास आय का अन्य कोई साधन है व इस संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करना भी आवश्यक है। नियोजक ने अपने जवाब में इस प्रकार की प्रतिरक्षा नहीं ली है व साक्ष्य भी कोई प्रस्तुत नहीं की गई है। अतः मान्य विधि सिद्धान्तों के अनुसार श्रमिक बकाया पिछला वेतन नियमानुसार प्राप्त करने का अधिकारी है।

9. श्रमिक की नियुक्ति अभिकथनों के अनुसार आकस्मिक श्रमिक के रूप में दैनिक मजदूरी पर की गई थी। इसलिए सेवा में पुनः बहाली की स्थिति में उसको वे ही अधिकार उपलब्ध होंगे जो सेवा मुक्ति के समय उपलब्ध थे।

10. निर्देशित विवाद अधिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि श्रमिक श्याम बिहारी शर्मा को दिनांक 1-10-84 से एस. डी. ओ. (टेलीफोन्स) द्वितीय कोटा द्वारा सेवा मुक्त करने की कार्यवाही अनुचित व अवैध है इसलिए श्रमिक पुनः सेवा में आने का, सेवा की निरन्तरता बनाये रखने का व सेवामुक्ति की तिथि से सेवा में आने तक की तिथि का समस्त पिछला वेतन प्राप्त करने का अधिकारी है। श्रमिक को पुनः उसी प्रकृति में नियोजित किया जायेगा जिस रूप में उसे प्रारंभ में नियुक्ति दी गई थी।

11. अधिनिर्णय आज दिनांक 27-10-95 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

के. एल. व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 8 मई, 1996

का. आ. 1554.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डाक के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, मद्रास के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 2-5-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-40012/52/92-आई आर (डी यू)]

के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 8th May, 1996

S.O. 1554.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Madras as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Posts and their workman, which was received by the Central Government on 2-5-96.

[No. L-40012/52/92-IR(DU)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE INDUSTRIAL TRIBUNAL, TAMIL NADU, MADRAS

Thursday, the 28th day of March, 1996

Present :

THIRU N. SUBRAMANIAN, B.A.,B.L., Industrial Tribunal.

INDUSTRIAL DISPUTE NO. 70 OF 1993

(In the matter of the dispute for adjudication under section 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947 between the workman and management of Department of Posts, RMS 'M' Division, Madras-10).

BETWEEN

Thiru A. Asokan,
No. 16 Mosque Back Street,
S. Kodiyur, Jolarpettai-635 851,
N. A. Ambedkar District.

AND

The Superintendent,
Department of Posts,
RMS 'M' Division, Madras-600 010.

Reference :

Order No. L-40012/52/92-IR(DU), dt. 21-7-1993, Ministry of Labour, Govt. of India, New Delhi.

This dispute coming on for final hearing on Wednesday, the 6th day of March, 1996 upon perusing the reference, claim and counter statements and all other material papers on record and upon hearing the arguments of Thiru P. Arulmudi, advocate appearing for the workman and of Thiru S. Srinivasan, Addl. Standing Government Counsel appearing for the management and this dispute having stood over till the day of consideration, this Tribunal made the following.

AWARD

The Government of India by its Letter No. L-40012/55/92-IR (DU) referred for adjudication before this Tribunal u/s 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act relating to "whether the Management of Department of Posts is justified in terminating the service of Shri A. Asokan with effect from 20-7-90, if not what relief the workman concerned is entitled to ?

2. After service of summons the petitioner as well as respondent filed their claim statement and counter statement.

3. The case of the petitioner as per the claim statement is as follows : The Petitioner joined service of the respondent as Casual Mazdoor in May 1989 at Sub-Record Office, Railway Mail Service, Jolarpet. He continued his work till 20-7-90. He was paid at the rate of Rs. 1.40 per hour. Though his post was designated as Casual Mazdoor the work he was called upon was not casual. The respondent terminated his services by an order dated 20-7-90. No notice was given before his termination. The petitioner raised dispute before the Assistant Commissioner of Labour. The respondent filed his reply. Because of conciliation failed the Assistant of Labour submitted his failure report to the Government. The termination of the petitioner without holding any enquiry is against the prsnciples of natural justice. The mandatory condition stipulated u/s 25-F of the Industrial Disputes Act was not complied with. The petitioner was in continuous service for more than 3 years. He has been in service for more than 240 days prior to the order of termination. Hence the dispute has been raised.

4. The respondent filed his counter contending that the petitioner was engaged to work in Sub-Record Office at Jolarpet w.e.f. 18-5-89 temporarily in leave vacancy. He was paid from contingencies only on hourly basis. He was not sponsored by the Employment Exchange. As per the Director General of Posts, New Delhi letter dated 5-2-90 and 29-3-90 the services of the Casual Labourers who had put in less than one year of service as on 5-2-90 had to be dispensed with. Accordingly, the petitioner's service was dispensed with. The petitioner was not appointed against any sanctioned post or establishment. As per the Director General, Posts, Order dated 29-3-90 there was complete ban on recruitment of casual labourers in the entire department. Hence the dispute may be dismissed with costs.

5. By consent Ex. W-1 to W-5 and M-1 marked.

6. The point for consideration is whether the Management of Department of Posts is justified in terminating the service of Thiru A. Asokan w.e.f. 20-7-90 ? If not what relief the workman concerned entitled to ?

7. POINT : The petitioner was employed as Casual Mazdoor from 1-6-89 as per Ex. W-1. The petitioner was in continuous service till his termination under Ex. W-2 on 20-7-90. Admittedly, before termination he was not given any notice or no enquiry was conducted. According to him, he has put in more than 240 days in 12 months prior to the date of his termination. So his termination without notice u/s 25-F of the Industrial Disputes Act is illegal. It is contended by the respondent's counsel the petitioner was employed as Casual Mazdoor in the leave vacancy. He was paid from contingency on the hourly basis. Ex. M-1 is the conditions of the employment. As per Ex. M-1 employment is temporary and he is liable to be terminated at any time if there is no work and the petitioner cannot claim any right. So it is argued by the respondent's counsel as per the conditions of the employment he was terminated from the service and so he cannot question the termination or he cannot invoke Sec. 25-F of the Industrial Disputes Act. For that, he relied on the decision reported in 1993(II) LLJ page 903 the Supreme Court has held. It was expressly indicated in the letter of appointment that such appointment was intrinsically a temporary one and was liable to be terminated at any time without any notice. If in terms of service, the order of termination had been passed, no exception should be made to such orders and such orders cannot be treated as retrenchment within the meaning of Sec. 25-F of the I.D. Act." Further he relied another decision reported in 1993 L.I.C. page 836, the Allahabad High Court has held, the persons appointed on daily wages or on Adhoc basis have no right to claim their services to be regularised merely because he has completed 240 days in service. It is true merely because a casual worker worked more than 240 days in a year cannot claim regularisation. Regularisation requires something more. There must be both post, funds and the need of retention of the employee according to the requirement of the work. Further he must be qualified and the work and conduct of such employee must also be satisfactory. In the present case, it is not the question of regularisation of casual employees. So the decision reported above will not apply to the present case. It is argued by the petitioner's counsel the decision reported in 1993(II) LLJ Supreme Court at page No. 903 also will not apply to the facts of the present case. Even though the petitioner was employed as Casual Mazdoor he was not terminated in terms of his employment. In the cited case the order of the employment, there is condition that his service can be terminated at any time withut any notice. In the present case the appointment order Ex. M-1, there is no condition that his service can be terminated at any time without any notice. Further it is stated his service can be terminated only when there is no work. The termination order Ex. W-2, it is not stated that because of want of work his service was terminated. On the other hand it is stated as per the Circular of the Director General, Posts dated 29-3-90 services of the petitioner was terminated. As per the circular Casual employees who have not completed one year of service as on 5-2-90 their service may be dispensed with. Only on the ground the services of the petitioner was dispensed with. So the termination of the petitioner is not on the terms and conditions of the employment. If the services of the petitioner is terminated for want of work he cannot question the termination as per the decision of the Supreme Court reported in 1993(II) LLJ page 903. If the petitioner is terminated on some other ground the employer must follow the procedure before terminating the service for whatever reason. It is admitted the petitioner is a workman as defined under section 2(s) which includes Apprentice also. Under section 25-F also it is stated as "workman". No distinction is made either in Sec. 25-F or in Sec. 2(s) between Casual worker and temporary worker and permanent worker. U/s 2(oo) retrenchment means the termination by the employer of the services of the workman for any reason whatsoever, otherwise than as punishment inflicted by way of disciplinary action. There also the word workman is used without any qualification. So Casual Labour is also a workman. Since the petitioner was terminated from his service not under the conditions of employment but on some other reasons it amounts to retrenchment. The fact that the petitioner worked more than 240 days in 12 months prior to the order of the termination is not disproved by the management with their records. Therefore the order of termination of the petitioner will amounts to only a retrenchment as defined u/s 2(00) of I. D. Act. Therefore, the respondent who failed to follow the procedure contemplated u/s 25-F before terminating the services of the petitioner for whatever reasons is illegal. It is admitted no notice was given before termination order, one month pay was given in lieu of notice and compensation, as contemplated in Sub-clause 25-F was also not paid. Therefore, the termination of the petitioner is in violation of Sec. 25-F and therefore it is illegal.

In the result, an award is passed setting aside the order of dismissal dated 20-7-90 and directed the respondent to reinstate the petitioner in service without back wages. No costs.

Dated this the 28th day of March, 1996.

N. SUBRAMANIAN, Industrial Tribunal

WITNESSES EXAMINED

For Workman

W.W. 1—Thiru A. Asokan.

For Management : None.

DOCUMENTS MARKED

For Workman

Ex. W-1— —Appointment order issued to the Petitioner-workman Thiru A. Asokan (Xerox copy).

Ex. W-2-20-7-09—Order of termination issued to the workman (xerox copy.

Ex. W-3-21-7-90—Representation of the workman to the Management (xerox copy)

Ex. W-4— -8-90—Representation of the workman to the Chief Post Master General, Madras-2 (Xerox copy).

Ex. W-5— —2-A petition filed by the workman before the Regional Labour Commissioner (copy).

For Management

Ex. M-1—Conditions of employment and its acceptance by the Petitioner Workman (Xerox copy).

नई दिल्ली, 8 मई, 1996

का. आ. 1555.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डाक के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, मद्रास के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 2-5-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-40012/55/92—आई आर (डी यू)]

के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 8th May, 1996

S.O. 1555.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal Madras as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Posts and their workman, which was received by the Central Government on 2-5-1996.

[No. L-40012/55/92-IR (DU)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE INDUSTRIAL TRIBUNAL, TAMIL NADU, MADRAS

Friday, the 29th day of March, 1996

PRESENT :

Thiru N. Subramanian, B.A., B.L., Industrial Tribunal.
Industrial Dispute No. 66 of 1993

(In the matter of the disptue for adjudication under Section 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947 between the workman and the management of Department of Posts, RMS Division, Madras).

BETWEEN

Thiru M. Anthony Louis,

No. 12 Jayamadha Nagar, Jolarpettai-635851,
North Arcot Ambedkar District.

AND

The Superintendent,
Department of Posts,
RMS 'M' Division, Madras-600010.

REFERENCE :

Order No. L-40012/55/92-IR (DU), dated 21-7-1993, Ministry of Labour, Government of India, New Delhi.

This disputt coming on for final hearing on Wednesday, the 6th day of March 1996, upon perusing the reference, claim and counter statements and all other material papers on record and upon hearing the arguments of Thiru P. Arulmudi, advocate appearing for the workman and of Thiru S. Srinivasan, Additional Standing Government Counsel appearing for the management, and this dispute having stood over till this day for consideration, this Tribunal made the following ;

AWARD

The Government of India by its letter No. L-40012|55|92-IR (DU) referred for adjudication before this Tribunal u/s 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act relating to "Whether the Management of the Department of Posts is justified in terminating the services of Shri M. Anthony Louis with effect from 20-7-90 ? If not, what relief is the workman concerned entitled to ?"

2. After service of summons the petitioner as well as respondent filed their claim statement and counter statement.

3. The case of the petitioner as per the claim statement is as follows :

The petitioner joined service of the respondent as casual Mazdoor in May 1989 at Sub-Record Office. Railway Mail Service, Jolarpet. He continued his work till 20-7-90. He was paid at the rate of Rs. 1.40 per hour. Though his post was designated as Casual Mazdoor the work he was called upon was not casual. The respondent terminated his service by an order dated 20-7-90. No notice was given before his termination. The ptitioner raised dispute before the Assistant Commissioner of Labour. The respondent filed his reply. Because of conciliation failed the Assistant Commissioner of Labour submitted his failure report to the Govtrnment. The termination of the petitioner without holding any enquiry is against the principle of natural justice. The mandatory condition stipulated u/s 25-F of the Industrial Disputes Act was not complied with. The petitioner was in continuous service for more than 3 years. He has been in service for more than 240 days prior to the order of termination. Hence the dispute has been raised.

4. The respondent filed his counter contending that the petitioner was engaged to work in Sub-Record office at Jolarpet w.e.f. 18-5-89 temporarily in leave vacancy. He was paid from contengencies only on hourly basis. He was not sponsored by the Employment Exchange. As per the Director General of Posts, New Delhi letter dated 5-2-90 and 29-3-90 the services of the Casual Labourers who had put in ltss than one year of service as on 5-2-90 had to be dispensed with. Accordingly, the petitioner's service was dispensed with. The petitioner was not appointed against any sanctioned post or establishment. As per the Director General, Posts order dated 29-3-90 there was complete ban on recruitment of casual labourers in the entire department. Hence the dispute may be dismissed with costs.

5. By consen Ex. W-1 to W-5 and M-1 marked.

6. The point for consideration is whether the Management of Department of Posts is justified in terminating the service of Thiru M. Anthony Louis with effect from 20-7-90 If not what relief the workman concerned entitled to ?

7. *Point.*—The petitioner was employed as Casual Mazdoor nuous service till his termination under Ex. W-2 on 20-7-90, Admittedly, before termination he was not given any notice or no enquiry was conducted. According to him, he has put in more than 240 days in 12 months prior to the date of his termination. So his termination without notice u/s 25-F of the Industrial Disputes Act is illegal. It is contended by the respondent's counsel the petitioner was employed as Casual Mazdoor in the leave vacancy. He was paid from contingency on the hourly basis. Ex. M-1 is the conditions of the employment. As per Ex. M-1 employment is temporary and he is liable to be terminated at any time of there is no work and the petitioner cannot claim any right. So

